तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025



अशोकनगर की जर्जर सड़क पर राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है।



## नगर में आज

### कांग्रेस करेगी तिफरा बिजली आफिस का घेराव

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 6 अक्टूबर को बिजली कार्यालय तिफरा का घेराव करेगी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1 के अध्यक्ष जावेद मेमन व प्रवक्ता ऋषि पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि, बिजली कटौती और भूपेश सरकार की 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त करने के विरोध में बिजली कार्यालय तिफरा का घेराव व तालाबंदी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे। यहां से बिजली कार्यालय तिफरा का घेराव करने के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एक हफ्ते की छुट्टी के बाद खुलेंगे स्कूल

**बिलासपुर।** एक सप्ताह तक नवरात्र व दशहरा अवकाश के बाद सोमवार से स्कूल खुल जाएंगे। स्कूल खुलने के साथ ही न केवल स्कूलों में बल्कि शहर की सड़कों पर भी आटो, रिक्शे व माता-पिता के साथ दुपहिया व चारपहिया वाहनों में यूनिफार्म पहने स्कूली बच्चों की चहलकदमी शुरू हो जाएगी। ज्यादातर स्कूलों में तिमाही परीक्षाएं समाप्त होने के बाद बच्चों को अवकाश दिया गया था। हालांकि सोमवार से प्रारंभ होने वाले स्कूल ज्यादा दिनों तक संचालित नहीं हो सकेंगे। कुछ ही दिनों बाद बच्चों की दीवाली की छुट्टियां प्रारंभ हो जाएंगी।

### क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रायपुर में 6 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नैन सिंह परिहार ने बताया कि इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, पूर्व विधायक अकलतरा सौरभ सिंह, एसएसपी रजनेश सिंह बिलासपुर शामिल होंगे।

### सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए ज्ञापन

**बिलासपुर।** सर्वदलीय एवं जन संगठनों की बैठक में लद्दाख के जन नेता सोनम वांगचुक की निशर्त रिहाई की मांग करते हुए उन पर से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा हटाने एवं उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंच के संयोजक रवि बनर्जी ने बताया कि सर्वदलीय मंच ने रेलवे क्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर पटाका की दुकान लगाने ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। बैठक में कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, अभय नारायण राय, नंदकुमार कश्यप, रवि बनर्जी, पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# जशपुर के युवक का शहर में अपहरण, पिता से 10 लाख रुपए फिरौती की मांग

कृष्णा तम्बोली ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर का एक युवक शहर में किराए के मकान में रह रहा था। वह गांव जाने के लिए निकला और रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। युवक स्वयं अपने पिता को अपहरण की जानकारी देकर 10 लाख रुपए फिरौती की मांग कर रहा है, रुपया अपने ही बैंक अकाउंट में जमा करने कह रहा है। सीएम हाउस से फोन आने के बाद हरकत में आई पुलिस लापता की युवक की तलाश कर रही है।

- सीएम हाउस से फोन आने के बाद पुलिस हरकत में आई

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जशपुर देहराखार नायणपुर निवासी संजय कुमार यादव पिता बालेश्वर यादव 29 साल पिछले 10 साल से बिलासपुर में किराए के मकान में रह रहा था, उसने एमएससी तक की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह कस्तूरबानगर में किराए के मकान में रह रहा था। उसने अपने घरवालों को कोचिंग सेंटर में पढ़ाने व बैंक में काम करना बताया था। 1 अक्टूबर को उसने अपने पिता को फोन कर बताया वह घर आ रहा है। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो दूसरे दिन पिता बालेश्वर यादव ने उसे फोन लगाया, उन्हें फोन लगातार बंद मिला। इससे घरवाले घबरा गए, उसके पिता खोजते हुए बिलासपुर आ गए। उसके किराए के मकान में ताला लगा मिला और मोबाइल बंद आ रहा था।

### तीन दिन से चल रही खोज

फिरौती के लिए फोन आने पर पिता ने जशपुर स्थित सीएम विष्णुदेव साय के निवास पर फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। सीएम हाउस से फोन आने पर 3 अक्टूबर को सिविल लाइन पुलिस गुम इंसान कायम कर लापता युवक की तलाश में जोरों से लग गई है।



### युवक स्वयं फोन कर दे रहा अपहरण की जानकारी, मांग रहा फिरौती की रकम

#### मोबाइल बंद चालू होने से भटक रही पुलिस

पुलिस साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। युवक के मोबाइल का लोकेशन कभी बिलासपुर, गौरेला तो कभी रायगढ़ का मिल रहा है। लगातार मोबाइल बंद चालू होने से पुलिस भटक रही है।

**युवती से चल रही पूछताछ :** बताया जाता है लापता युवक संजय कुमार यादव कस्तूरबानगर किराए के मकान में कोरबा क्षेत्र की एक युवती के साथ रह रहा था। शनिवार को पुलिस ने युवती को थाने में तलब कर पूछताछ की। युवती ने बताया, वह गांव जा रहा हूं कहकर निकला था। उसके बाद उससे कोई संपर्क नहीं हुआ है।

#### पिता से 10 लाख की मांग

शहर में पतासाजी के दौरान पिता बालेश्वर यादव के मोबाइल पर लापता बेटे संजय यादव ने अपने मोबाइल से उन्हें फोन कर कहा 8 से 10 लड़कों ने उसका अपहरण कर लिया है और 10 लाख रुपए फिरौती मांग रहे हैं। ऐसा उसने कई बार फोन कर पिता को कहा, उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो रहा है। पिता ने फिरौती की रकम जमा करने बैंक एकाउंट नंबर मांगा तो वह कहने लगा उसके ही बैंक एकाउंट में जमा दो।

#### स्वयं फोन कर फिरौती की रकम मांग रहा

जशपुर जिले का युवक शहर में किराए के मकान में रह रहा था। गांव जाने की बात कहकर निकला और लापता हो गया है। वह स्वयं अपने पिता को फोन कर अपना अपहरण हो जाने की बात कर 10 लाख रुपए फिरौती मांग रहा है। यह भी कह रहा उसके बैंक खाते में फिरौती की रकम जमा करो। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**- निमितेश सिंह परिहार** सीएसपी सिविल लाइन



## सिंचाई विभाग बना रहा शिवघाट बराज पर एप्रोच रोड

# मिट्टी की सड़क पर बिना बेस बनाए सीधे कांक्रीट की ढलाई

**बिलासपुर।** खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा शिवघाट बराज पर सरकंडा की ओर एप्रोच रोड का निर्माण किया जा रहा है। कांक्रीट सड़क की ढलाई के पहले ठेकेदार द्वारा नियमानुसार किसी भी तरह का बेस नहीं बनाया जा रहा है, बल्कि सीधे मिट्टी की सड़क के ऊपर ही कांक्रीट रोड की ढलाई की जा रही है। सवाल यह है कि बेस के बगैर सीधे मिट्टी के ऊपर ढाली जा रही यह सड़क कितने दिनों तक टिक पाएगी?

- नियमों को दरकिनार कर बनाई जा रही सड़क

शिवघाट बराज अब अपने निर्माण के अंतिम चरणों में है। विभाग द्वारा करीब डेढ़ महीने पहले बराज की सफल टेस्टिंग करने के बाद अब बराज से शिवघाट के बीच एप्रोच रोड तैयार कर रहा है, ताकि मार्ग में सुलभ आवागमन किया जा सके। दिक्कत यह है कि सड़क का निर्माण नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। कांक्रीट सड़क के निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा बेस डाला ही नहीं गया व सीधे कांक्रीट की सड़क ढाल दी गई। मिट्टी के ऊपर कांक्रीट की सड़क ढाल देने के बाद इस सड़क के टिकाऊ होने पर संदेह है। जानकारों का कहना है कि कांक्रीट की पकड़ सीधे मिट्टी पर मजबूत नहीं होती, जिससे सड़क के जल्द उखड़ने की संभावना होती है।

### बेस-टॉप पर लागू होता है चार-छह का नियम

कांक्रीट सड़क की ढलाई के दौरान बेस व टॉप पर चार-छह का नियम लागू होता है। इसके अनुसार सड़क निर्माण के पहले 40 एमएम गिट्टी, रेत व सीमेंट के साथ चार इंच मोटाई में बेस डालना होता है। इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाता है। इसके बाद छह इंच मोटाई में टॉप अर्थात कांक्रीट की ढलाई की जाती है। कहीं-कहीं ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से इस रेश्यो को उल्टा करते हुए बेस को छह इंच व टॉप को चार इंच ढाल दिया जाता है। हैरत की बात यह है कि शिवघाट में किए जा रहे इस निर्माण में कम या ज्यादा की बात ही नहीं है। ठेकेदार के द्वारा बेस डाला ही नहीं गया है।

#### दोनों काम एकसाथ हो रहा

बेस डालने के बाद कम से कम 14 दिनों तक मार्ग पर आवागमन नहीं होना चाहिए, जो कि यहां संभव नहीं है। इसलिए कांक्रीट की ढलाई व बेस एक साथ किया जा रहा है। सड़क के निचले स्तर पर पहले 40 एमएम गिट्टी के साथ ढलाई की जा रही है। इसके ऊपर 20 एमएम गिट्टी से कांक्रीट सड़क ढाली जा रही है। बराज का उद्घाटन भी प्रदेश के उच्च स्तरीय अतिथि से कराए जाने के संकेत हैं, जिससे कार्य जल्द पूर्ण करने का दबाव भी है।

**- पीएन श्रीवास्तव,** एसडीओ, खारंग जल संसाधन संभाग

# नदी में डूबे एक युवक की 15 किलोमीटर दूर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/जांजगीर-चांपा

जिले के पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में डूबे बिलासपुर के दो युवकों और एक युवती की रविवार को तलाश की जाती रही। पुलिस को एक युवक की लाश घटना स्थल देवरी से 15 किलोमीटर दूर कुदरी में मिली। वहीं एक अन्य युवक और युवती की तलाश अभी भी जारी है।

बिलासपुर से 4 युवाओं का ग्रुप शनिवार 4 अक्टूबर को पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली घूमने के लिए पहुंचा था। उन्होंने अकलतरा से अपने एक मित्र को भी साथ में ले लिया था। सरकंडा, दयालबंद और अशोक नगर बिलासपुर के रहने वाले स्वर्णरेखा ठाकुर, आशीष भोई, अंकुर कुशवाहा और मोनिका सिन्हा ने अकलतरा निवासी लक्ष्मी शंकर शाम 5 बजे हसदेव नदी में नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान सभी पानी के तेज बहाव में बहने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने लक्ष्मी शंकर और मोनिका सिन्हा को किसी तरह बचाकर नदी से बाहर निकाला। वहीं सरकंडा निवासी 30 वर्षीय स्वर्ण रेखा ठाकुर, दयालबंद निवासी 28 वर्षीय अंकुर कुशवाहा और अशोक नगर निवासी 26 वर्षीय आशीष भोई नदी में डूब गए। रविवार 5 अक्टूबर को सूर्योदय होते ही रेसक्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दोपहर करीब 2 बजे घटना स्थल देवरी से 15 किलोमीटर दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली। चाम्पा के पास कुदरी बैराज से पहले स्थानीय ग्रामीणों की मदद से लाश को नदी से बाहर निकाला गया, जिसकी शिनाख्त अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई। अंकुर के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पूरे दिन सर्चिंग करने के बाद भी स्वर्ण रेखा ठाकुर और आशीष भोई का पता नहीं चल सका।

- ड्रोन कैमरा और एसडीआरएफ की मदद से दिनभर हुई सर्चिंग

### एक अन्य युवक व युवती की चल रही तलाश



#### दो की तलाश जारी

एक युवक की बॉडी दोपहर में कुदरी में मिली। एक अन्य युवक और युवती की तलाश जारी है। अंधेरा होने के कारण रात में सर्चिंग बंद करनी पड़ी है।

**- उमेश कश्यप,** एडिशनल एसपी, जांजगीर-चांपा

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक चेचई डेम में बहा



**बिलासपुर।** दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक चेचई डेम में नहाते समय तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया है। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है। रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया, कुदूदण्ड मिलन चौक निवासी आकाश पटेल पिता सुरेश पटेल 23 साल रविवार को चार पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रतनपुर क्षेत्र के चेचई डेम गया था। शाम 6 बजे सभी दोस्तों डेम में नहाते हुए तस्वीरें ले रहे थे। इसी दौरान आकाश पटेल नहाते हुए दूर चला गया और तेज पानी के बहाव की चपेट में आकर बह गया। उसके चिल्लाने पर दोस्तों ने बचाने की कोशिश की। किन्तु पानी का बहाव अधिक होने से वे असफल रहे। दोस्तों ने आकाश के बह जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय मछुआरों का सहयोग लेकर डेम में तलाश शुरू कराई और एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। करीब एक घण्टे बाद एसडीआरएफ की टीम डेम पहुंच गई और डेम में युवक की तलाश में लग गई। देर रात तक युवक को पता नहीं चल पाया था।

# निगम की सामान्य सभा आज, सफाई व विकास पर घेरेगा विपक्ष

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा सोमवार 6 अक्टूबर को देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में होगी। छह महीने के अंतराल के बाद होने वाली इस बैठक में हंगामे की स्थिति बन सकती है। विपक्ष ने शहर की खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की योजना बनाई है। नगर निगम ने इसके लिए 37 सूत्रीय एजेंडा भी जारी किया है।





- दोपहर 12 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में होगी आयोजित, 37 एजेंडे जारी

सोमवार को दोपहर 12 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित सामान्य सभा के एजेंडे में से 27 प्रस्ताव अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के प्रमाण पत्र से संबंधित हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके साथ ही टेंडर मंजूरी और नामकरण से जुड़े अन्य प्रस्ताव भी सभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। एजेंडा में छह स्थानों के नामकरण के प्रस्ताव शामिल हैं।

### पार्षद निधि डबल करने का प्रस्ताव

बैठक में पार्षद निधि को वार्षिक 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल के सदस्य विजय ताम्रकार ने पेश किया। सामान्य सभा में इसे पारित किए जाने के बाद, इसे शासन को भेजा जाएगा। प्रश्नकाल के लिए 30 अक्टूबर को लाटरी भी निकाली गई थी। सामान्य सभा को लेकर सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्षी के पार्षदों ने बैठक कर अपनी-अपनी रणनीति तय की है।

## 26 से लागू होगा विंटर शेड्यूल, न्यायधानी के साथ फिर छलावा

# अलायंस एयर की फ्लाइट घटी, हफ्ते में 4 दिन उड़ानें

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली दिल्ली समेत जबलपुर, प्रयागराज की फ्लाइटों के लिए विंटर शेड्यूल जारी कर दिया है। बिलासपुर से दिल्ली के बीच अब हफ्ते में महज 3 दिन ही फ्लाइट मिलेगी। वहीं हफ्ते में बुधवार को यह फ्लाइट प्रयागराज होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। अलायंस एयर ने एक बार फिर बिलासपुर के साथ छलावा करते हुए विंटर शेड्यूल में कम फ्लाइट दी है। यात्रियों में निराशा बढ़ रही है।

विंटर शेड्यूल के लिए अलायंस एयर द्वारा बिलासपुर से दिल्ली के बीच सप्ताह में 3 उड़ान उपलब्ध कराई जाएगी। बिलासपुर से जबलपुर और प्रयागराज के लिए भी उड़ानों की संख्या में कमी कर दी गई है। विंटर शेड्यूल में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। फ्लाइट दिल्ली से बिलासपुर पहुंचने के बाद जबलपुर के लिए उड़ान भरेगी, इसके बाद उसे जगदलपुर ले जाया जाएगा। लौटते हुए वहां से जगदलपुर से सीधा जबलपुर होते हुए दिल्ली चला जाएगा। खास बात यह है कि बिलासपुर से जगदलपुर और जबलपुर के लिए यात्री मिलना कठिन है। सूत्रों के अनुसार जबलपुर के मुकाबले बिलासपुर से जगदलपुर के बीच उड़ान में यात्री अधिक मिलने की संभावना हमेशा ज्यादा है। अलायंस एयर के विंटर शेड्यूल से लोगों को निराशा ही हाथ लगी है, दरअसल त्योहारों के बाद विंटर सीजन में बहुत से लोग टूरिस्ट पैलेस में जाने के शौकीन होते है, ऐसे में दिल्ली के लिए फ्लाइट की जरूरत सभी को होती है। अलायंस एयर की फ्लाइट सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरूवार को ही चलेगी।



### कोलकाता की फ्लाइट दो दिन

विंटर शेड्यूल 26 अक्टूबर से 28 मार्च के बीच लागू होगा। अलायंस एयर ने हफ्ते में 4 दिनों के लिए शेड्यूल दिया है। जिसके अनुसार सोमवार से बुधवार को दिल्ली के लिए फ्लाइट मिलेगी, यह फ्लाइट वाया रूट से हो जाएगी। बुधवार व गुरूवार को बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट मिल सकेगी।





### हफ्ते में 3 दिन एक भी फ्लाइट नहीं

अलायंस एयर ने मनमाने तरीके से विंटर शेड्यूल जारी किया है। जिसमें शुक्र शनि और रविवार को एयरपोर्ट पर कोई फ्लाइट नहीं आएगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार की कंपनी अलाइंस एयर के विंटर शेड्यूल में बिलासपुर की उड़ाने कम करने और उपेक्षा करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। समिति ने मंत्री तोखन साहू से इस मामले में हस्तक्षेप कर सप्ताह के सातों दिन से दिल्ली की उड़ान शुरू करने की अपील की है। धरने में रवि बनर्जी, डॉ प्रदीप कुमार,नारद श्रीवास, रवि तिवारी, गोरख दीपक, देवेंद्र सिंह ठाकुर,राशिद बक्श चित्रकांत श्रीवास, मोहन जायसवाल,चंद्र प्रकाश जायसवाल, ओपी यादव, अखिल अली, शाहबाज अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।



# कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

## एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

.................................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ................................
2. पिता/पति का नाम ................................
3. जन्मतिथि अंकों में ................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ................................
   मोबाइल नंबर ................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................................
7. शैक्षणिक योग्यता ................................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

# THE INDIAN INSTITUTE OF ARCHITECTS

## BILASPUR CENTER

BILASPUR - KORBA - RAIGARH - AMBIKAPUR - MANENDRAGARH

Official Website: www.iiabilaspur.org

# Celebrating WORLD ARCHITECTURE DAY 2025

Theme 2025:- "Design For Strength"

**डिज़ाइन फॉर स्ट्रेंथ :-** 2025 के **विश्व आवास दिवस** (World Habitat Day) का विषय शहरी संकट प्रतिक्रिया (Urban Crisis Response) से जुड़ा है । इसी संदर्भ में, यूआईए काउंसिल (UIA Council) ने इस वर्ष के विश्व वास्तुकला दिवस, जो सोमवार 6 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा, के लिए विषय **"डिज़ाइन फॉर स्ट्रेंथ"** (Design for Strength) चुना है।

इस विषय के माध्यम से दुनिया भर के वास्तुकारों से अपील करता है कि वे केवल अल्पकालिक समाधान तक सीमित न रहें, बल्कि ऐसे दृष्टिकोण अपनाएँ जो निर्मित पर्यावरण (Built Environment) को अधिक सशक्त, अनुकूलनशील और पुनर्निर्माण योग्य बनाएँ। वास्तुकला केवल आश्रय देने तक सीमित न हो, बल्कि उसे समानता, निरंतरता और लचीलापन (Resilience) का भी समर्थन करना चाहिए, विशेषकर संकट और अव्यवस्था के समय।

**मुख्य संदेश :**

**डिज़ाइन में शक्ति** (Strength in Design): हमारी इमारतें और स्थान केवल टिकाऊ ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवेदनशीलता और सामुदायिक मजबूती का प्रतीक भी होने चाहिए।

**लचीलापन का मंच** (A Platform for Resilience): निर्मित पर्यावरण मानव या प्राकृतिक आपदाओं के बाद समुदायों की सुरक्षा और पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**सतत पुनर्निर्माण** (Sustainable Rebuilding): "डिज़ाइन फॉर स्ट्रेंथ" का अर्थ है कि हम पर्यावरण के अनुकूल सामग्री और तरीकों का उपयोग करते हुए अपने स्थानों को मरम्मत, पुनर्स्थापित और अनुकूलित करने की क्षमता विकसित करें।



NINA ASEEM CHAIRMAN
PRASHANT BUDHIA JT. HON. SECRETARY
DEBASHISH GHATAK EX CHAIRMAN
DEEPAK SONI EXECUTIVE MEMBER
MANOJ PATHAK EXECUTIVE MEMBER
MOHNISH ANAND SAHU HON. TREASURER



S.S. GHATE
JAI JETHMALANI EXECUTIVE MEMBER
VIVEK KUMAR YADAV EXECUTIVE MEMBER
SUMIT AGRAWAL EXECUTIVE MEMBER



PRATAP SWARNAKAR
MANMOHAN SINGH TUTEJA
NIRMAL AGRAWAL
ANIL ANANT MUNDLE
SHYAM KUMAR SHUKLA
ABHISHEK SHRIVASTAVA



AKASH NAYAK
RAJNEET VERMA
PRACHI PATHAK
ANCHIT BHANDARI
AAKASH PURSETH
SWATI SAHU
RISHI VISHWAKARMA
AKHILENDRA JAIN
TANIA GOUR
GAURAV AGRAWAL
KSHITIJ KUMAR THAWAITH
SHUBHAM NIGAM
PARUL AGRAWAL
ABHISHEK KUMAR SONI
POOJA SAO
GARIMA GUPTA
NAMRATA GUPTA
AKANKSHA VERMA
ANJALI AGRAWAL
VIPUL DESHPANDE
SUJATA AGRAJ SINGH
HEMANT JIWNANI
MAYANK LAKDE
SHALINI SWARN-KAR
SAURABH JOGI
LABANYA BAIDYA
SOMESH VERMA
KUMAR MANGALAM GUPTA
MURTAZA VANAK
PRIYESH DEWANGAN
UTKARSH JALAN
DIPESH DAMA
ARPIT MISHRA
SHRAWAN AZAGALLE
GAURAV KUMAR SONI
AKRITI SAHU
PIYUSH AGRAWAL
RISHABH TIWARI
PREETI VIRWANI
ANURANJAN BHIMTE

Naresh Furnishing & Furniture
Address: Beside Naresh Bazaar (Cloth & Readymade), Telipara, Bilaspur
Contact No. 9826124470 9827165533

DADURAM TRADERS
We Deal's With All Building Materials Items
Near Over Bridge Uslapur, Bilaspur (C.G.)
8435997777 | 9893825150 | 9907178090

Magnifique SQUARE FEET®
HAR GHAR BANEGA KHAAS
Address: Mangla Chowk, Bilaspur Contact No. +91 62649 17604

Urban Living
Mungeli Naka Chowk, Opp. Sanjay Taran Pushkar, Bilaspur
Ph.: 07752-400200, Mob.: 8085555570, 9174088888
Deals in : Sofa Work, Wallpaper, All Types of Blinds, Curtain, Mattress, PVC Flooring, Wooden Flooring, Hospital Flooring & Other Home Decor Products

Kajaria Simpolo Amar Marble Bilaspur IBIS VARMORA
Amar Enterprises
TIFRA, RAIPUR ROAD, BILASPUR (C.G.)
Ph.: 07752-434138 Mob.: 9406351320
E-mail : amarmarble@gmail.com

Rathi's BUILD MART™
नींव से निर्माण तक
Raipur | Jagdalpur | Bilaspur
Address : Vyapar Vihar Rd, Bilaspur, (C.G.) 495004
Mob.: 085188 82030

Ambika Interior Studio
अंबिका
Near Tifra Railway Crossing, Raipur Road, Tifra, Bilaspur, Chhattisgarh (495001)
Phone: 9926093830, 9630015200
Email: ambikainteriorstudio@gmail.com
Greenlam decowood SABURI PLYWOOD SIAMPLY

SHRI BALAJEE ELECTRICALS
Vicky - 9074646466
Gagan - 8319692215
Shop No. 2, Lovina Courts Mungeli Naka, Bilaspur | 07752490818 sbemungelinaka05@gmail.com

SM
श्री शारदा MECHANICALS
Complete Concrete Solution
Contact No. +91 9131499637

Ganpati Decor
Renovate your lifestyle
Mob. 9302222249 , Vyapar Vihar, Bilaspur,495001

## खबर संक्षेप

### रमन विश्वविद्यालय ने आकांक्षा को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने आकांक्षा अवस्थी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय टू डिटेक्ट द ब्रेन डिसऑर्डर-डिजीज ओफ पेशेंट रिकवर्ड फ्रॉम कॉविड बाई एनालिसिस ओफ ई ई जी थ्रू स्पीच सेगमेंटेशन है। शोध मेडिकल के क्षेत्र में नवीन तकनीकों के एकीकरण को भी उजागर किया है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. सौरभ मित्रा के निर्देशन में पूर्ण किया है।

### स्वदेशी मेला 2025 के संयोजक बने गुलशन



**बिलासपुर।** स्वदेशी मेला इस वर्ष 14 नवंबर से 20 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। आज स्वदेशी मेला के आयोजन की बैठक प्रांत मेला प्रमुख अमर बंसल ने ली। स्वदेशी जागरण मंच के अज्ञेय नगर स्थित संभागीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में गुलशन ऋषि को इस वर्ष का मेला संयोजक बनाया गया। साथ ही देवेंद्र कौशिक, दीप्ति बाजपेयी व ज्योतिंद्र उपाध्याय को सह संयोजक बनाया गया। आज की बैठक में गोपाल शर्मा, डॉ सुशील श्रीवास्तव, अरुणा दीक्षित, नारायणगिरी गोस्वामी, डॉ नीता श्रीवास्तव, लता गुप्ता, उचित सूद, शोभा कश्यप, सुशांत द्विवेदी, तुषार पानसे सहित स्वदेशी मेला आयोजन समिति के सदस्य व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### बिरनपुर की घटना को भाजपा ने दिया सांप्रदायिक रंगः कांग्रेस



**बिलासपुर।** कांग्रेस भवन में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने कहा कि बिरनपुर की घटना को भाजपा ने सांप्रदायिक रूप देकर राजनीतिक लाभ लिया है। यह बात सीबीआई की जांच रिपोर्ट में साफ हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीआई जांच से यह स्पष्ट हो चुका है कि उस दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा इस मामले में की गई कार्रवाई बिल्कुल सही थी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान श्री साहू ने कहा कि भाजपा द्वारा उस दौरान न केवल कांग्रेस सरकार द्वारा तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया गया था, बल्कि विधानसभा चुनाव के दौरान इस घटना को खुद सांप्रदायिक व जातीय रूप देकर वोट की राजनीति की। जबकि अब सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा के झूठ को जनता के सामने ला दिया है। उक्त घटना कोई सांप्रदायिक न होकर केवल दो बच्चों की आपसी लड़ाई की घटना थी, जिसका भाजपा द्वारा स्वरूप बदल दिया गया। श्री साहू ने इस मामले में सीबीआई की चार्जशीट में अंजोर यदु का नाम तक नहीं होने की बात कही, जबकि भाजपा द्वारा उसी के नाम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बिरनपुर मामले में भाजपा द्वारा सोची समझी राजनीतिक साजिश करने का आरोप लगाया, जिससे कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने मांग की है कि ईश्वर साहू व उपमुख्यमंत्री अरूण साव को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### पुलिस का जागरूकता अभियान आओ संवारे कल अपना का अगला चरण शुरू



**बिलासपुर।** पुलिस की जागरूकता अभियान अंतर्गत आओ संवारे कल अपना का अगला चरण प्रारंभ हुआ। इसमें शहर के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट तथा तकनीकी शिक्षा दी जाएगी। जिसका शुभारंभ आज एसएसपी रजनीश सिंह ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने विद्यार्थियों को आईडी कार्ड भेंट किया। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला के निकट यूनिवर्सल बिल्डिंग में इसका केंद्र बनाया गया है। जिसमें कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ना है। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट करना तथा रोजगार और भविष्य निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाना है। इससे शहर का माहौल भी बेहतर होगा, विद्यार्थी अपनी महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर तकनीकी शिक्षा में भी दक्ष होंगे। प्रथम बैच में 73 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। बिलासपुर पुलिस द्वारा प्रशिक्षण सामग्री की व्यस्था की जा रही है वहीं प्रशिक्षिकों की व्यवस्था जीवधर्णी फाउंडेशन कर रही है। जो चेतना की सहभागी संस्था के रूप में कार्य कर रही है।

### 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी कारीडोर लाइन पर गाड़ी

**बिलासपुर।** रेल कारीडोर में उरगा से कुसमुंडा के बीच रेल लाइन का काम पूरा कर लिया गया है, जिसमें मालगाड़ियों का परिचालन शुरु किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर मंडल के रेल खंड छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर गेवरारोड से पेण्ड्रारोड नई रेल परियोजना में उरगा से कुसमुंडा तक 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 29 सितम्बर को उच्चस्तरीय समिति ने नवनिर्मित रेल खंड का निरीक्षण किया, जिसमें प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी शामिल थे। समति ने जारी ज्वाइंट सेफ्टी सर्टिफिकेट में यह प्रमाणित किया कि यह खंड माल यातायात परिचालन के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने 30 सितम्बर को इस खंड को माल यातायात परिचालन के लिए अधिकृत किया है। इस रेल लाइन पर प्रारंभिक अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

---

**चल रहा राशन कार्डों का सत्यापन** | पांच एकड़ से अधिक स्वामित्व की भूमि

# 1 लाख 54 हजार संदिग्ध में से 7 हजार बीपीएल राशन कार्ड पर निरस्त होने का खतरा

**बिलासपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बीपीएल हितग्राहियों के राशन कार्डों का सत्यापन चल रहा है।

सेंट्रल गवर्नमेंट से जो सूची आई है, उसमें जिले के लगभग 1 लाख 54 हजार बीपीएल राशन कार्ड संदिग्ध बताए गए हैं, जिनमें से 7 हजार 58 बीपीएल राशन कार्डों के निरस्त होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि उन हितग्राहियों के स्वामित्व में 5 एकड़ से अधिक भूमि पाई गई है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत संदिग्ध प्रचलित राशन कार्डो के भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है। इन संदिग्ध राशन कार्डो का भौतिक सत्यापन कर सही और वास्तविक जानकारी विभागीय वेबसाईट में दर्ज किया जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय




खाद्य सुरक्षा अधिनियम तहत जारी राशन कार्डो में दर्ज सदस्यों का समूह वार्षिक आय 6 लाख से अधिक व 25 लाख से अधिक कारोबार में निर्देशक के रूप में पंजीकृत होना पाया गया है एवं प्रधानमंत्री किसान भूमि जोत में छत्तीसगढ़ के लिए 5 एकड़ से अधिक भूमि है। वहीं सेंट्रल गवर्नमेंट ने जो जारी किया है उसके अनुसार 2.47 एकड़ भूमि निर्धारित किया गया है जो दूसरे राज्यों के लिए है। ऐसे राशन कार्डधारी परिवारों को शासन द्वारा संदिग्ध राशन कार्डधारियों की श्रेणी में रखा गया है तथा इनके जांच कराए जा रहे हैं।

सेंट्रल गवर्नमेंट से सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत भौतिक सत्यापन के लिए जो संदिग्ध राशन कार्डो की सूची भेजी गई है, उसमें बिलासपुर जिले में लगभग 1 लाख 54 हजार संदिग्ध राशन कार्ड हैं। इनमें ढ़ाई एकड़ भूमि वाले कार्डधारियों का नाम भी शामिल है। इनमें पांच एकड़ से अधिक स्वामित्व की भूमि वाले 7 हजार 58 राशनकार्डधारी पाए गए हैं। इसलिए पांच एकड़ से अधिक स्वामित्व की भूमि वाले हितग्राहियों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त होने का खतरा मंडराने लगा है।

### कराया जा रहा है भौतिक सत्यापन

सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत संदिग्ध राशनकार्डो का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए 5 एकड़ तक भूमि वाले हितग्राहियों को पात्र माना जाएगा। पांच एकड़ से अधिक स्वामित्व भूमि वाले केवल 7 हजार 58 हितग्राही मिले हैं।

**-अर्मित कुजूर**, खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग

---

सैलानियों को नहीं मिल रही सुविधाएं, बच्चे तरस रहे झूले को

# उजड़ रहा काननः नलों में पानी नहीं पक्षियों के बोर्ड हैं पर तस्वीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू में अव्यवस्था का ऐसा आलम है कि अंदर में पानी पीने के लिए नल लगाया गया है, जिसमें पानी नहीं आता है। वहीं पक्षियों के लिए इंटरप्रीटिशन सेंटर में लगाए गए बोर्ड में कई पक्षियों की तस्वीरें भी गायब है। इंटरप्रीटिशन सेंटर की हालत इतनी अधिक खराब हो चुकी है, जिसे सुधारने में कानन प्रबंधन कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

कानन पेण्डारी जू का संचालन अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर के अधिकारी कर रहे हैं। कानन पेण्डारी की हालत दिन प्रतिदिन काफी खराब होती जा रही है। पूर्व में प्रदेश स्तर पर कानन पेण्डारी की एक अलग ही पहचान हुआ करती थी। यहां 650 से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को देखने के अलावा भ्रमण करने के लिए शहर और ग्रामीण के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते थे। कानन पेण्डारी जू में केज की हालत तो काफी खराब हो चुकी है। वहीं पुराने स्टॉलों को भी कोरोना काल के समय से ताला बंद कर दिया गया है, जो काफी जर्जर हो चुके हैं। यहां पैसों की बरबादी का ऐसा आलम है कि अपने मन मुताबिक अफसर केवल राशि का दुरपयोग करने के लिए कुछ भी काम कर रहे हैं। इसी तरह का एक काम कानन पेण्डारी जू के मुख्य गेट यानि जिस स्थान पर अंदर प्रवेश के लिए टिकिट बिक्री की जाती है। सैलानियों को पक्षियों और वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए लाखों रुपए खर्च कर इंटरप्रीटिशन सेंटर बनाया गया था। शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों सहित पक्षियों की तस्वीर लगाकर उसके नीचे नाम व विवरण भी लिखा गया था।






### नल है लेकिन पानी नहीं

मुख्य गेट जहां टिकिट लेनें के बाद अंदर प्रवेश करने वाले सैलानियों की प्यास बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था करने कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने नल भी लगाया हुआ है। इस नल की हालत ऐसी हो गई है कि पीने का पानी के लिए लगाए गए दोनों नल में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण सैलानियों को अपने साथ पानी की बोतल लेकर अंदर प्रवेश करना भी मजबूरी हो गई है।

### पुल हो गया है जर्जर

इंटरप्रीटिशन सेंटर से थोड़ा आगे जाने के बाद दाहिने ओर बच्चों के लिए गार्डन भी बनाया गया है। इसके साथ ही सैलानी इसी गार्डन में बैठकर पिकनिक का भी आनंद उठा सकते हैं। गार्डन में प्रवेश करने के लिए एक छोटा सा लकड़ी का पूल बनाया गया था। इस पूल की वर्तमान स्थिति ऐसी है कि लगाए गए खंभे पूरी तरह से सड़ चुके हैं, जिसमें सैलानियों के गिरनें का डर बना हुआ है।

### टूट गया बच्चों का झूला

गार्डन से आगे अंदर प्रवेश करने के उपरांत एक फौव्वारा चौक पड़ता है। यहां ज्यादातर फोटो खींचने वाले बैठे रहते हैं। इसके बायीं ओर कानन प्रबंधन का कार्यालय और सामने में एक गार्डन व सैलानियों के बैठने के लिए चबूतरा भी बनाया गया था। इसी गार्डन में बच्चों के खेलने के लिए झूले भी दिए गए थे। इस झूले में बच्चों के बजाय बड़ों के बैठने की वजह से झूला पूरी तरह से टूटकर बीच में पड़ा हुआ है, जिसे उठाने के लिए किसी के पास समय नहीं है।

### डीएमएफ फंड से होगा नवनिर्माण

कानन पेण्डारी जू का इंटरप्रीटिशन सेंटर काफी पुराना हो गया था, जिसे नवनिर्माण करने के लिए टेंडर और अन्य प्रक्रिया फाइनल स्टेज पर पहुंच गई है। इसका बजट भी मांगा गया है। कुछ दिन पहले अधिकारियों ने कानन पेण्डारी का निरीक्षण भी किया था। इस निरीक्षण के उपरांत नए भवन और अन्य कार्यो को डीएमएफ फंड से करने का निर्णय लिया गया है।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

---

# संघ के स्वयंसेवकों ने किया पथसंचलन व शस्त्र पूजन



पथसंचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दाहिर उप नगर में अयोध्या मिलन (मिनी बस्ती) के तत्वावधान में शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पथ संचलन, शस्त्र पूजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.सुभाष दत्त झा ने की एवं मुख्य वक्ता अधिवक्ता डॉ.प्रसून चतुर्वेदी ने संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.भूपेंद्र धर दीवान ने किया। कार्यक्रम में बस्ती सह संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में राम यादव रहे। बस्ती प्रमुख प्रकाश त्रिवेदी, मिलन प्रमुख उदय चौरसिया, बस्ती सह प्रमुख मुकेश भारत, बस्ती संपर्क प्रमुख अरुण निर्णेजक, मूलचंद खूंटे, भाजपा से पूर्व पार्षद अनुज टंडन, रमेश जायसवाल, विजय यादव, अन्य आनुषंगिक संगठनों से भी पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्येष्ठ श्रेष्ठ स्वयंसेवक बंधु एवं मातृ शक्ति की भी उपस्थिति रही। पुलिस प्रशासन ने दल बल के साथ पेट्रोलिंग की। पथ संचलन का मार्ग में जगह जगह पर स्वागत हुआ। जिसमें कस्तूरबा नगर, जतिया तालाब क्लब, मिनी बस्ती क्षेत्र, महाराणा प्रताप चौक, चंदेला नगर समिति, महिमा विहार समिति, गीतांजलि एंक्लेव, बाबाजी पार्क से होते हुए पत्रकार कॉलोनी में भी स्वागत किया गया । हाल ही में संघ द्वारा कुछ समय पूर्व ही जतीया तालाब प्रांगण में साप्ताहिक अयोध्या नगर मिलन शाखा (मिनी बस्ती) लगना आरम्भ हुई थी। आज वहां से स्वयंसेवकों का निकलना इतने कम समय में एक बड़ी उपलब्धि माना जाएगा।

---

# 25 को नहाय खाय के साथ शुरू होगा छठ महापर्व, 28 को सूर्य को देंगे अर्घ्य



**बिलासपुर।** छठ महापर्व मनाने माता अरपा के तट छठ घाट पर आज पाटली पुत्र सांस्कृतिक विकास मंच, बिलासपुर भोजपुरी समाज, बिलासपुर सहजानंद सरस्वती, भूमिहार ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। पूजा को लेकर छठ पूजा समिति गठन करने प्रस्ताव पास किया गया। इस वर्ष सामूहिक नेतृत्व में संचालन समिति बना ली गई है, जिसमें सभी समाज के प्रतिनिधि शामिल है । 12 अक्टूबर को दोपहर 11. 50 बजे छठ घाट पर कार्यालय का विधिवत पूजा पाठ कर कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। छठ घाट की साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था एवं पूजा के दौरान सभी कार्यों की रूपरेखा बनाई जाएगी। सभी ने इस वर्ष पूजा में तन मन धन से सहयोग करने की बात कही। सदस्यों ने बताया कि सूर्य आराधना का महापर्व छठ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिलासपुर में पारंपरिक रूप से बनाया जाएगा। पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच ,भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज ने संयुक्त रूप से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस संयुक्त इस वर्ष 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व का आरंभ होगा। 26 को खरना का प्रसाद तैयार किया जाएगा। 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ देने के पश्चात 28 अक्टूबर को उदित सूर्य को अर्घ्य कर दिया जाएगा। बैठक में प्रवीण झा, डॉ धर्मेंद्र कुमार दास, अभय नारायण राय, सुधीर कुमार झा, गणेश गिरी, विजय ओझा, लव कुमार ओझा, मनोज केडिया, सीएम सिंह, संजय सिंह, रोशन सिंह, एके कंठ, प्रशांत सिंह, रामप्रताप सिंह, विनोद कुशवाहा, जेपी सिंह, राम जन्म विश्वकर्मा, विनोद पांडे, संतोष ओझा, सुभाष तिवारी, सत्येंद्र पांडे, बी एन ओझा, डी एस पांडे, विजय दुबे, बिहारी लाल चौधरी, बबलू कश्यप, संतोष कुमार राय ,बी एन दुबे, आरपी सिंह, पुरुषोत्तम पांडे, रजत कुमार ,अमित सिंह, चंदन सिंह, रामबली गुप्ता, धनंजय झा, राम गोस्वामी, सतीश सिंह, अशोक कुमार झा, दिलीप कुमार चौधरी, शंकर कुमार, हरिओम दुबे, रविंद्र कुशवाहा, जुगल किशोर झा, जय नाथ झा, विनोद सिंह, धीरज झा, दिलीप श्रीवास, राजीव गिरी, शैलेंद्र सिंह राजपूत, भारत भूषण, अरविंद शुक्ला, विद्यानंद झा, अक्ष झा, कौशल किशोर झा, अभिलाष झा, चितरंजन कुमार यादव, विशाल श्रीवास, मनोज श्रीवास, रमेश श्रीवास, अनिल सिंह, अमरकांत, राहुल सिंह, सुरेश सिंह, हर्ष सिंह, हर्ष झा ,रामदेव राहुल शर्मा, राम सिंह, रिंकू दुबे, पुरुषोत्तम पांडे संतोष सिंह, ललितेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, डॉ कुमुद रंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

---

# शहीदी यात्रा पहुंची शहर, समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत





**बिलासपुर।** हिंद की चादर नौवें पातशाह धन धन श्री गुरु तेगबहादुर साहिब दे 350वें शताब्दी शहादत को समर्पित सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा 3 अक्टूबर को रायपुर स्टेशन रोड गुरुद्वारा से आरम्भ हुई 10 दिवसीय शहीदी यात्रा का आज बिलासपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ के अनेक शहर भिलाई, दुर्ग, राजनांदगाँव, डोंगरगढ, कवर्धा, बेमेतरा, सिमगा, बैतलपुर, सरगांव, बिल्हा होते हुए बिलासपुर पहुंची।

शहीदी यात्रा का भव्य स्वागत रायपुर रोड शेरे पंजाब ढाबा श्री गुरुनानक ढाबा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास किया गया। पंज प्यारे साहिबान की अगवाई में यात्रा सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा पहुंची, जहां प्रबंधक कमेटी के साथ समूह साध संगत ने स्वागत किया। हिंदु समाजिक संगठन के अमित तिवारी, शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व में सैकडों लोगों ने संतोष भवन सदर बाजार में यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। वंदेमातरम संगठन के समस्त सदस्यों ने एक ड्रेसकोड भगवा ड्रेसकोड में सिटी कोतवाली के सामने यात्रा का भव्य स्वागत फूलों की बरखा के साथ किया। शहीदी यात्रा समूह साध संगत के साथ नगर कीर्तन रूप में सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा से सदर बाजार गोल बाज़ार जूना बिलासपुर होते हुए गांधी चौक पहुंची। रैली के गुरु सिंघ सभा सेंट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा पहुंचने पर महिला स्त्री सत्संग अध्यक्ष मीना सलूजा की नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में निर्मलजीत छाबड़ा, सुदेश सलूजा, सोनी उपवेजा, राशि सखूजा, रिंकी सलूजा, हरलीन सलूजा आदि शामिल हैं।

### गुरु का अटूट लंगर वरताया गया

समूह साध संगत में गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। यात्रा का रात्रि विश्राम गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर में रहा। यात्रा आज सुबह दयालबंद से जगमल चौक गुरुनानक चौक होते हुए अकलतरा नैला मार्ग से चाम्पा कोरबा के लिए प्रस्थान करेगी। बिलासपुर पंजाबी समाज की युवा वीर महिलाओं के साथ बुजुर्ग एवं समूह साध संगत तैयारी में लगी रही।

---

हरी झंडी दिखाएंगे आईजी डॉ संजीव शुक्ला

# डॉ सीवी रमन विवि की पुस्तक और कौशल विकास यात्रा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय से पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा 6 अक्टूबर को रवाना होगी। यह दोनों यात्रा छत्तीसगढ़ के स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय में भ्रमण करते हुए पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। कौशल विकास यात्रा कुशल में दक्षता के बारे में जानकारी देगी। साथ ही आधुनिक कौशल एआई पर भी लोगों को जागरूक करेगी।

यात्रा को डॉ सी वी रमन विवि से आईजी डॉ संजीव शुक्ला हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि विश्व रंग 2025 के अंतर्गत प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है । जो प्रदेश के सभी स्कूलों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में भ्रमण करेंगी। इस पुस्तक यात्रा का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित




करना है। पुस्तक की यात्रा और कौशल विकास यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष विश्व रंग आयोजन के तहत डॉ सीवी रमन विवि द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन राज्यपाल अनुसुइया उइके ने राजभवन रायपुर से इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस वर्ष यह यात्रा डॉ सी वी रमन विवि से रवाना होगी। आज पूरा भारत आत्मनिर्भर भारत 2047 की ओर तेजी से अग्रसर है।

### कौशल ही रोजगार की सबसे बड़ी कुंजीः कुलपति

कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। भविष्य में एआई आधारित कौशल ही युवाओं को बेहतर रोजगार दिलाने की सबसे बड़ी कुंजी साबित होंगे। पुस्तक से हमें जीवन जीने की सीख भी मिलती है युवाओं को अधिक से अधिक अध्ययनशील होना चाहिए।

### यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी : मिश्रा

पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा के समन्वयक आईसेक्ट के राज्य प्रमुख योगेश मिश्रा ने बताया कि कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश की अग्रणी संस्था आईसेक्ट ने 6 अक्टूबर से कौशल कौशल विकास यात्रा और पुस्तक यात्रा 2025 का शुभारंभ करने जा रहा है। यह यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी

---

### जिला शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने धनीराम

**बिलासपुर।** जिला शारीरिक शिक्षक संघ के नए अध्यक्ष पद पर धनीराम यादव निर्वाचित हुए हैं। रविवार को लाला लाजपतराय शाला में जिला शारीरिक शिक्षक संघ के नए पदाधिकारियों और कार्यकारिणी का मतदान संपन्न हुआ। इसमें संकल्प पैनल से धनीराम यादव और आशीर्वाद पैनल से अमित मिश्रा अध्यक्ष पद के दावेदार थे। चार पदों के लिए हुए चुनाव में संकल्प पैनल और आशीर्वाद पैनल के आठ उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इसमें संकल्प पैनल के धनीराम यादव को 67 वोट और आशीर्वाद पैनल से अमित मिश्रा को 26 वोट मिले, जिसमें धनीराम यादव अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद संकल्प पैनल के राकेश बाटवे, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद देवर और महिला प्रतिनिधि श्रीमती लीना शर्मा ने जीत दर्ज की। इस दौरान 106 जिला शारीरिक शिक्षकों में से 91 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। यह चुनाव रितेश सिंह, प्रदीप पांडे, जयप्रकाश मानिकपुरी, देव रूद्राकर की देखरेख में संपन्न कराया गया।

**Swami Vivekanand Institute of Pharmacy and Research**
**(Run by Shubhnarayan Educational Foundation)**

Ref. N0. 191/SVIPR/BSP **Requirement** Dated :- 05/10/2025

Applications are invited for the Post notified below:-

| | | |
|---|---|---|
| Faculty | Principal | 01 |
| | Professor, Associate Professor, Assistant Professor- (Pharmacognosy, Pharmacology, Pharmaceutics, Medicinal Chemistry) | |
| NON-Teaching | Librarian-1, Sport Officer-1, Lab Technician- 2, Peon-2, Driver-2 | |

*Qualification, Experience & Salary as per PCI/State Govt. Norms.
*Interested candidates can mail their resume alongwith relevant documents to **pharmacy.svgibsp@gmail.com** Preferably within 30 Days.

**Sendari – Mopka Bypass Road, Semartal, Bilaspur (C.G.)**

## खबर संक्षेप

### मरीज लेकर जा रहे वाहन में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** मरीज को लेकर अस्पताल जा रहे वाहन चालक के साथ बदमाश युवकों ने मारपीट करते हुए वाहन में तोड़फोड़ कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेवसा निवासी राहुल जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपने इको वाहन से भीमपुरी के छोटू श्रीवास को इलाज के लिए ले जा रहा था। मरीज के साथ सीमा यादव, श्याम यादव, बिक्कू गंधर्व वाहन में बैठे हुए थे। भीमपुरी प्राथमिक शाला के पास पहुंचते ही आशीष गोंड एवं उसके कुछ साथी वाहन के सामने आए और विवाद करने लगे। विवाद करने से मना करने पर युवकों ने गाली-गलौज व मारपीट करते हुए गाड़ी पर तोड़फोड़ कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351,2 126,2 324,4 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### ग्रामीण के साथ गाली-गलौज मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे युवकों के विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सलैहा निवासी सविता शुक्ला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, 3 अक्टूबर की रात 10 बजे उसका पति मनीष बच्चों को लोरमी से लेकर वापस घर आया। इसी दौरान गांव के कृष्णा साहू व महेंद्र राजपूत अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर मनीष के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

### महिला एवं उसके पति से गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** सार्वजनिक नल से पानी भरने और कपड़ा धोने से नाराज व्यक्ति ने महिला एवं उसके पति के साथ ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोनबंधा निवासी लक्ष्मी अनंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, वह सार्वजनिक नल में पानी भरने गई थी। इस दौरान गांव के ही रामजी अनंत ने उसे आगे से नल से पानी ना भरने, और कपड़ा ना धोने की बात कही। साथ ही उसने ऐसा करते पाए जाने पर बाल्टी और कपड़े को फेंकने की धमकी दी। शाम 5 बजे महिला का पति जैसे ही घर पहुंचा तो रामजी अनंत ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसने पति-पत्नि के साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,,3,5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## निधन

### उमाशंकर मिश्रा



बिलासपुर। बंगालीपारा सरकंडा निवासी उमाशंकर मिश्रा का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रमाशंकर मिश्रा, स्व. ओम प्रकाश मिश्रा के भाई, वेद प्रकाश, धनंजय, अतुल मिश्रा एवं मंजूषा दुबे के पिता थे।

### प्रेम मेहरचंदानी



बिलासपुर। आसनदास गली निवासी प्रेम मेहरचंदानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 6 अक्टूबर को उनके निवास से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी के लिए निकलेगी। वे स्वः नारायण दास मेहरचंदानी के सुपुत्र एवं रमेशकुमार, राज कुमार, मनोहर, चन्द्रपाल के भाई उदय मेहरचंदानी (टप्पू) के पिता थे।

### अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा



बिलासपुर। तोरवा निवासी अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा 75 वर्ष का रविवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मीना विश्वकर्मा के पति , अमिता एवं अभिमन्यु विश्वकर्मा के पिता थे।

### शैलेन्द्र सिंह ठाकुर



सकरी। नेवरा निवासी, भाजपा गनियारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर का 53 वर्ष की आयु में 5 अक्टूबर रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शत्रुहन सिंह के पुत्र, सूरज सिंह के भाई एवं अनुराग सिंह के पिता थे।

### सिख धर्म के 9वें गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहीदी पर्व पर रायपुर से निकली यात्रा

# गुरु तेग बहादुर की शहादत यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

सिख संप्रदाय के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर सिख संगठन की ओर से निकाली गई शहादत यात्रा रविवार को लोरमी पहुंची। गुरु साहिब के बलिदान की अमर गाथा को समर्पित यात्रा का स्थानीय सिख समाज ने भावपूर्ण स्वागत किया।

पंज प्यारों की अगुवाई में शबद कीर्तन करते हुए नगर कीर्तन निकाली गई। इस मौके पर सड़कों पर फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कीर्तन का समापन गुरुद्वारा में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए। समाज के इंदरपाल सिंह अजमानी ने यात्रा के उद्देश्य, मार्ग और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा गुरु साहिब के बलिदान की याद दिलाती है। अध्यक्ष अनिल सलूजा ने सभी



सहयोगियों, यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। रायपुर से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिख समाज के गौरवशाली इतहास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह चावला, सतपाल सिंह खनूजा, इंदरपाल सिंह अजमानी, आशीष सिंह खनूजा, अर्श सिंह, अनिल सलूजा, मंजीत सलूजा, रिक्की सलूजा, गुरमीत सलूजा, अमित सलूजा, रितेश सलूजा, बबलू छाबड़ा, बंटी छाबड़ा, पप्पू छाबड़ा, सचिन सलूजा, जतिन सलूजा, इंद्रजीत छाबड़ा, पप्पू सलूजा, राजू सलूजा, पिंटू उपवेजा, रितु छाबड़ा, बंटी उपवेजा, राजू उपवेजा, अशोक सलूजा ,रंजीत सलूजा, मिंटू छाबड़ा, राम छाबड़ा, राहुल साहनी, राजवीर बग्गा, देवेंद्र सलूजा, आशुतोष, विकास, नवीन, गगन, अमन, शुभम, सनी, शैम्पी, रौनक, पवन, सागर, सिद्धार्थ छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## समाज को जागृत करने के उद्देश्य से निकाली गई यात्रा

**पथरिया।** सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन की ओर से निकाली गई शहादत यात्रा रविवार को पथरिया नगर पहुंची। नगर आगमन पर शहादत यात्रा का अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया गया।

नगर के व्यापारी गुरुमीत सिंह बग्गा के साथ समाज के अन्य प्रतिनिधि और सामान्य लोगों ने सड़क पर पुष्प बिछाकर अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करते हुए पंच प्यारों को सरोपा एवं फूल माला देकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद स्थानीय सिख समाज की ओर से शबद कीर्तन करते हुए नगर कीर्तन निकाली गई। पूर्व नपं अध्यक्ष



जसपाल सिंह छाबड़ा ने सहयोगियों, यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। यात्रा के संयोजक महेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि, हमारे गुरुओं ने देश के लिए शाहदत दी है। उनके बलिदान को आमजनों तक पहुचाने एवं समाज को जागृत करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जसपाल सिंह छाबड़ा, हरबंश सिंग हुरा, राजा माखीजा, जसबीर सिंह छाबड़ा, गुरुमित सिंह बग्गा, गगन दीप, छाबड़ा, छोटू छाबड़ा, नमन छाबड़ा, राजू हुरा, मनमीत बग्गा, राजू खुराना, सोनू खुराना, मनमीत सिंह बग्गा, नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, नपं उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, लौदा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, पूर्व महामंत्री निश्चल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, सभापति मोनिका ओमू दिवान, इंद्रजीत यादव, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, बलराम जायसवाल आदि मौजूद थे।

## यात्रा का उद्देश्य गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचानाः छाबड़ा

**तखतपुर।** सिख धर्म के 9वें गुरू तेग बहादुर के 350वीं शहीदी पर्व के अवसर पर रायपुर से निकली शहादत यात्रा तखतपुर पहुंची, जिसका सिख समाज ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करते के बाद यात्रा गुरूद्वारा पहुंची।

दोपहर में नगर कीर्तन निकाल कर नगर के प्रमुख मार्ग नया बस स्टैंड, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैंड, संगम नगर, महामाया चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुए बरेला की ओर जत्था रवाना हुआ। बरेला में पार्षद, पूज्य सिंधी पंचायत, मुस्लिम जमात, सर्व हिंदू समाज के सदस्यों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के संयोजक महेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि, इस यात्रा का उद्देश्य सिख धर्म के 9वें गुरु गुरु तेग बहादुर जी के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना एवं सद्भावना बनाए रखना है। इस अवसर पर कुलवंत सिंह हुरा, गुरुचरण सिंह बग्गा, रमन सिंह हुरा, त्रिलोक सिंह बग्गा, हरजीत सिंह हुरा, मंगत सिंह खालसा,



सिमरन जीत सिंह, महेंद्र कौर, रविंदर कौर, कुशमीत सिंह बग्गा, आतमजीत सिंह मक्कड़, हरविंदर हूरा, गुलजीत खुराना, सन्नी बग्गा, सोनू बग्गा, हरचरण हूरा, बृजपाल सिंह हूरा, रंजीत हूरा, मंजीत सिंह चंचल, आशु हूरा, भोलू खनुजा, उपेंद्र खुराना, जसपाल सिंह खुराना, रजवंत खुराना, असमीत सिंह चंचल सहित अन्य मौजूद रहे।

## बढ़ती बिजली दरों को लेकर युकां का हस्ताक्षर अभियान व नुक्कड़ सभा

**मुंगेली।** प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने व्यापक हस्ताक्षर अभियान और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया।

- युकांइयों ने आम नागरिकों के साथ दर्ज कराया विरोध

इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आम नागरिकों ने बढ़ते बिजली बिलों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय सहित श्याम जायसवाल, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, अरविंद वैष्णव, अभिलाष सिंह, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, अनीता विश्वकर्मा, इंद्रजीत कुर्रे, आनन्द सोनी, आरिफ खोखर, असद खोखर, नानू ठाकुर, भूपेंद्र साहू, मनीष साहू, जलेश यादव नामदेव बंजारा, धीरेन्द्र लहरें, काकू पठान ने इस उक्त आयोजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए युकां जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया ने कहा कि, जनता अब और बिजली महंगाई को सहन नहीं कर सकती, सरकार को इसके प्रति ठोस कदम उठाने होंगे। इस दौरान एक आम नागरिक ने कहा कि, हर महीने बिजली का बिल देख कर हमारी चिंता और बढ़ जाती है। हमारे परिवार की आमदनी के हिसाब से यह अब असहनीय हो गया है। युवा कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि, वह बिजली के बढ़ते बिलों पर तुरंत ध्यान दें और आम जनता को राहत प्रदान करें।



बिजली बिल को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी।



### विसर्जन के दौरान आकर्षण का केंद्र बने मोदी के हमशक्ल

**लोरमी।** मां जगजननी दुर्गोत्सव समिति थाना ग्राउंड की प्रतिमा का भव्य झांकियों के साथ विसर्जन किया गया। रायपुर से आए आर्ट एंड आर्टिस्ट ग्रुप ने लोरमी के सड़कों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे स्केटिंग करते रंगोली के माध्यम से सुंदर-सुंदर आकृतियां बना रहे थे। साथ ही फायर शो और बेहतरीन आतिशबाजी के साथ ही रंग-गुलाल उड़ाए जा थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के हमशक्ल मध्यप्रदेश के रीवा के दामोदर उपाध्याय का रोड शो कराया गया।

## नदी में नहाते समय तेज बहाव में बहा बच्चा, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

नदी में डूबते अपने तीन वर्षीय बालक को बचाने के प्रयास में मां ने तेज बहाव में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन बच्चा तेज वहाव में बह गया।

- बच्चे को बचाने गई महिला को ग्रामीणों ने बचाया

जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर को सुबह लगभग 10 बजे बगनीभंवर पेंडाराकापा में एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ नदी में नहाने गई। नहाने के एक बच्चा अचानक गहरे पानी में बहने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में मां ने भी पानी में छलांग लगा दी। गहराई अधिक होने के कारण महिला भी बच्चे के साथ तेज वहाव में बहने लगी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत सहायता की और कड़ी मशक्कत के बाद मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तीन वर्षीय बच्चा सिद्धेश पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। गोताखोरों की टीम सुबह से शाम तक बच्चे की तलाश में लगी रही लेकिन, हाथ कुछ नहीं लगा। रविवार को अंधेरा होने की वजह से बच्चे की तलाश बंद कर दी गई, सोमनार एक बार फिर से बच्चे की तलाश की जाएगी।



नदी में बालक की तलाश करते गोताखोर व ग्रामीण।

### दिन भर चली तलाश

रेस्क्यू टीम दिन भर बच्चे की तलाश में लगी रही। शाम को अंधेरा हो जाने की वजह से तलाश बंद कर दी गई है। सुबह फिर से तलाश अभियान शुरू किया जाएगा।



## भटगांव तहसील साहू संघ के अध्यक्ष बने भीखम

**पथरिया।** प्रदेश साहू संघ एवं जिला के निर्देशानुसार परिक्षेत्र साहू समाज भटगांव तहसील पथरिया का चुनाव आयोजित किया गया, जिसमें भीखम साहू को अध्यक्ष, सुरेश साहू को उपाध्यक्ष, दुर्गेश्वरी अरुण साहू महिला उपाध्यक्ष, शाखा राम साहू को संगठन सचिव एवं ललिता तामेश्वर साहू को महिला संगठन सचिव निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर साहू समाज पथरिया के तहसील अध्यक्ष राम कुमार साहू, उपाध्यक्ष बबला साहू, सचिव रमेश साहू, न्याय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु साहू, बंसीलाल साहू, खिलेश्वर, सुखुराम, कृष्णा, ओम प्रकाश, प्रमोद, रामखिलावन, मुंशी, बनवाली, घनश्याम, नीलकंठ, जनकराम, दिलेश्वर, हीरालाल, माधव, चैतराम, चित्ररेखा, मन्नू राम, गुड्डा, पुनाराम आदि उपस्थित रहे।

आत्मा से परमात्मा का सर्वोच्च संबंध सर्वोच्च मिलन ही राजयोग

## दक्षिणा में अपनी कमजोरियों बुराइयों का करें दान: शशिप्रभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मस्तुरी

कोटमी सुनार में श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान यज्ञ के बारहवें दिन ब्रह्मकुमारी शशिप्रभा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि, भगवान ने गीता के 9वें अध्याय में राजयोग की गहन परिभाषा बताई है।

आत्मा से परमात्मा का सर्वोच्च संबंध, सर्वोच्च मिलन ही राजयोग है। राजयोग में ज्ञान योग, भक्ति योग, समत्व योग, हठ योग आदि सभी समाहित हैं। इसलिए राजयोग को सर्वांगीण योग सर्व योगों का राजा कहा गया है। उन्होंने बताया कि जो हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है अच्छा हो रहा है, और जो होगा अच्छा होगा। क्योंकि इस संसार चक्र में जो कुछ भी हो रहा है सब कल्याणकारी ही है। उन्होंने कहा कि, मनुष्य एक सर्वोच्च प्राणी है। संसार में भगवान ने हमें खाने के लिए कितना कुछ दिया है, लेकिन मानव सब कुछ छोड़कर वह खाता है जो खाने की वस्तु ही नहीं है। किसी भी जीव को मार कर उसे अपना आहार बनाना सबसे बड़ा कुकृत्य है। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान यज्ञ में आप सभी ग्रामवासी दक्षिणा स्वरूप में अपनी कमजोरियों व बुराइयों का दान मुझे दें, तो यह आयोजन सफल माना जाएगा। गीता सार प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने बताया कि, श्रद्धालुओं की इच्छा पर आगामी 10 अक्टूबर तक कथा का आयोजन किया जाएगा।



श्रीमद् भागवत कथा में शामिल श्रद्धालु।

## जल कर की बकाया राशि जमा नहीं करने पर कटेगा कनेक्शन

**लोरमी।** नगर पालिका परिषद की ओर से समस्त नल कनेक्शन धारियों को सूचित किया जाता है कि, जल कर की बकाया राशि 8 अक्टूबर 2025 तक जमा कर देवें। बकाया राशि जमा ना करने की स्थिति में बिना किसी अतिरिक्त सूचना नल कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही, बकाया राशि वसूली हेतु न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

ज्ञात हो कि, नगर पालिका ने लगभग तीन सप्ताह पूर्व नगर के 135 बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर 30 सितंबर 2025 तक बकाया राशि जमा करने का समय प्रदान किया गया था। इसके बावजूद अधिकांश कनेक्शन धारियों ने बकाया राशि जमा नहीं की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्दन शर्मा ने सभी बकायादारों से अपील की है कि, वे तत्काल अपनी बकाया राशि जमा कर दें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय, लोरमी के नलजल शाखा से संपर्क किया जा सकता है।




### पत्रवार्ताः सीबीआई की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# बिरनपुर हिंसा को भाजपा ने बनाया समुदाय की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

बिरनपुर हिंसा और हत्याकांड में जब सीबीआई की चार्जशीट ने सभी खुलासे कर दिए हैं।

मुंगेली में पत्रकार वार्ता लेते हुए बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने बताया कि किस प्रकार से बीजेपी का काला चेहरा उजागर हो चुका है और दो बच्चों की लड़ाई और फिर वो दो परिवारों की लड़ाई बनी और फिर उसको दो समुदाय की लड़ाई बना दी गई। सीबीआई ने खुलासा किया कि इस लड़ाई में किसी प्रकार का राजनीतिक षड्यंत्र नहीं था। बीजेपी के नेताओं ने किस प्रकार से बिरनपुर हत्याकांड को राजनीतिक रूप दिया और विधानसभा चुनाव में इसको मुद्दा बनाया और ग़लत तरीक़े से प्रदेश की जनता के सामने लाया गया। बीजेपी का चेहरा उजागर सीबीआई की रिपोर्ट ने कर दिया है। आज ये साफ़ हो गया है कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार की कार्रवाई निष्पक्ष थी और कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं किया गया। कांग्रेस पार्टी बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष और वर्तमान डिप्टी सीएम अरुण साव से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा मांग करती है और उनसे ये अपेक्षा करती है कि जनता के सामने जो उन्होंने और उनके पार्टी के वरिष्ठ और सभी नेताओं ने जो झूठ परोसा था उसके लिए प्रदेश की जनता से माफ़ी भी मांगे। पत्रकार वार्ता में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम वर्मा ने किया और आभार शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर मुंगेली के प्रभारी आलोक सिंह, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, श्याम जायसवाल, आत्मा सिंह क्षत्रिय, हेमेन्द्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, अरविंद वैष्णव, अभिलाष सिंह, आरिफ खोखर, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, अनीता विश्वकर्मा, इंद्रजीत कुर्रे, राजेश छेदईया, सागर सोलंकी, जलेश यादव, भूपेन्द्र साहू, विष्णु खाण्डे, असद खोखर, विनय कुमार, तारणी विश्वकर्मा, सतीश यादव, मनहरण, अखिलेश साहू, धीरेन्द्र कुमार, उर्मिला यादव, दिलीप बंजारे, अरविंद वैष्णव, स्वतंत्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कांग्रेस नेता शैलेष पाण्डेय।



## मेडिकल टीम ने किया वरिष्ठजन का सम्मान

**लोरमी।** अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लोरमी मेडिकल टीम की ओर से वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी वरिष्ठ नागरिकों को शाल, श्रीफल व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा ने कहा कि, बड़े बुजुर्ग जीवन का अनमोल खजाना होते हैं, जो अपने अनुभव, ज्ञान और समझदारी से परिवार को एक मजबूत आधार देते हैं। वृद्धजन ही परिवार के आधार स्तंभ हैं, और हमें सही दिशा दिखाते हैं। कार्यक्रम मे मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू, राजेंद्र साहू एवं जीतेन्द्र साहू उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना. तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 22.09.2025
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025
ग्राम बहतराई

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बहतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका गरीबा साहू पिता/ पति सुधवा साहू निवासी ग्राम बहतराई के द्वारा शिशु/ मृतक/ मृतिका स्व. सुधवा साहू पिता स्व. बेनीराम की मृत्यु/ जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई 07.10.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## लायंस इस्माइल व गुलदस्ता फाउंडेशन ने लगाई प्रदर्शनी



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल तथा गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से सक्षम महिला स्वालंबन प्रदर्शनी उड़ान का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने जहां जमकर खरीदारी की वहीं लोगों ने इस प्रदर्शनी की तारीफ भी की। यहां खरीदारी करने महिलाओं की जमकर भीड़ उमड़ी। राघवेंद्र हाल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने किया। यहां 40 से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी, असम के प्रसिद्ध कपड़े मेखला चादर साड़ी, सूट साड़ियां, कान्हा जी के पोशाक एंटीक ज्वेलरी बस्तर आर्ट एवं उपहार सामग्री, छत्तीसगढ़ की पहचान कोसा साड़ी एवं कुर्ते, क्रिस्टल आर्ट, कैंडल आर्ट, पार्टी वेयर सूट्स पार्टी वियर सूट तथा दीपावली पर घर सजाने के लिए सामग्री प्रदर्शनी में देखने को मिली। आयुर्वेदिक दवाइयां होम्योपैथिक के स्टाल भी यहां लगाए गए हैं।

कार्यक्रम

## आज वेदों का अध्ययन करना जरूरी : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें आदित्य गुप्ता ने भजन हे ज्ञानवान भगवन हमको भी ज्ञान दीजिए.. प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि हम सभी को वेदों का अध्ययन करना चाहिए। आचार्य जयदेव शास्त्री ने वैराग्य के बारे में समझाते हुए बताया कि आज के लोगों को वैराग्य की जानकारी नहीं होने के कारण कोई भी लाल, पीले कपड़े पहनकर अपने को बैरागी बताता है, उसे ही महान मानकर उसके चेले हो जाते हैं। वह व्यक्ति एक घर को छोड़कर 10 रूम का बड़ा आश्रम बना लेता है और लोग कहते हैं वह बैरागी है। उन्होंने कहा कि वेद आदि सत्य शास्त्रों को हमें पढ़ना चाहिए। जिससे सही गलत का पता चल सके। वर्तमान में महर्षि दयानंद सरस्वती का लिखित सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक सबको पढ़ना चाहिए।

सम्मान

## डॉ. अनंत को निर्मला अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सेवा सम्मान

**बिलासपुर।** कुरुक्षेत्र हरियाणा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में समीक्षक, लेखक, द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट भारत के नेशनल वाइस प्रेसीडेंट डॉ.संजय अनंत को वर्ष 2025 का निर्मला अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सेवा सम्मान प्रदान किया गया। यह



सम्मान डॉ. अनंत को उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी साहित्य व भाषा के प्रसार-प्रचार में अमूल्य योगदान के लिए मुख्य अतिथि चौधरी चरणसिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.डॉ.रविन्द्र कुमार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर निदेशक हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी के डॉ धर्मदेव विद्यार्थी विशेष रूप से मौजूद थे। डॉ अनंत का प्रवासी साहित्य पर शोध कार्य समीक्षा के दर्पण में प्रवासी काव्य प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने सूरीनाम, मॉरिशस, नीदरलैंड, जर्मनी , दुबई, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, घाना, अमेरिका, किर्गिस्तान में बसे प्रवासी भारतीयों द्वारा लिखित साहित्य की समीक्षा की है। इस संगोष्ठी का आयोजन हरियाणा साहित्य संस्कृति अकादमी हरियाणा सरकार व अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य शोध संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# बौद्धिक चर्चा में बच्चों के उत्साह और कौशल की सराहना

डीपीएस में मॉडल यूनाइटेड नेशंस का दूसरा दिन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीपीएस बिलासपुर मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का दूसरा दिन और भी अधिक उत्साह, जोश और बौद्धिक ऊर्जा के साथ प्रारंभ हुआ। युवा प्रतिनिधियों ने पहले दिन की गति को आगे बढ़ाते हुए नई उमंग और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य किया। दिनभर चली विभिन्न समितियों की बैठकों में प्रतिनिधियों ने गंभीर वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा और वाद-विवाद किया। उन्होंने अपने-अपने देशों की नीतियों का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया तथा ठोस समाधान प्रस्तुत करने प्रस्तावों का मसौदा तैयार किया। यूएनडीईएसए, डब्ल्यूटीओ, आईओएम, डब्ल्यूएचओ, आईसीजे, यूएनएससी, लोकसभा, विधानसभा, यूएनएमयूएस और महाभारत — रचनात्मक चर्चाओं, कूटनीतिक वार्ताओं और रणनीतिक गठबंधनों से सराबोर रहीं।

### ऐसे आयोजन जरूरी : संजय

सम्मेलन को और अधिक गरिमा मिली जब कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी समितियों का भ्रमण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, तर्कशक्ति और संवाद कौशल की सराहना की तथा इस प्रकार की पहल को युवाओं में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए आवश्यक बताया। दिन का सबसे प्रेरणादायक पहलू प्रतिनिधियों की ऊर्जा, उत्साह और आपसी सहयोग की भावना रही, जब उन्होंने मिलकर संवाद और समझौते के माध्यम से समाधान तैयार किए। कार्यक्रम का समापन उपलब्धि और संतोष की भावना के साथ हुआ। जिसने आने वाले अंतिम सत्रों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। डीपीएस बिलासपुर मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का दूसरा दिन ज्ञान, कूटनीति, सहयोग और वैश्विक नागरिकता के आदर्शों का सजीव उदाहरण बनकर उभरा।

### प्रतिनिधियों ने अपने कूटनीतिक कौशल से किया प्रभावित

प्रतिनिधियों ने अपनी स्पष्ट सोच, शोध-आधारित तर्कों और कूटनीतिक कौशल से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने नेतृत्व, टीम भावना और सहयोग की सच्ची मिसाल प्रस्तुत की। कार्यपत्रक और मसौदा प्रस्तावों की तैयारी एवं प्रस्तुति इस दिन की प्रमुख विशेषताएँ रहीं, जो विद्यार्थियों की समालोचनात्मक सोच और सामूहिक कार्य क्षमता को प्रदर्शित करती हैं। दिन को आयोजित इंटरएक्टिव सत्रों और मॉडरेटेड कॉकसेस ने प्रतिनिधियों को अपने विचारों को और सशक्त बनाने का अवसर दिया। इन सत्रों में जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना की चुनौतियाँ, वैश्विक स्वास्थ्य संकट और सतत आर्थिक विकास जैसे जटिल विषयों पर नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण सामने आए।

## शरद पूर्णिमा पर आज होंगे विविध आयोजन

### लोग व्रत रख कर चन्द्रमा की रौशनी में रखेंगे खीर

**बिलासपुर।** आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करेगा। मान्यता है कि चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर खाने से रोग दूर होते हैं। लोग व्रत रख कर चन्द्रमा की रौशनी में खीर रखेंगे। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12.23 बजे से प्रारंभ



होकर दूसरे दिन 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 16 बजे तक रहेगी। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा जिसे कोजागरी पूजा के नाम से भी जाना जाता है, उसके लिए शुभ मुहूर्त 6 अक्टूबर को रात्रि 11:45 बजे से लेकर 7 अक्टूबर को दोपहर 12. 34 बजे तक रहेगा। 6 अक्टूबर को चंद्रोदय शाम को 5 बजकर 27 बजे होगा। पौराणिक महत्व के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत बूंदें झरती हैं। लोग शरद पूर्णिमा की रात में खीर बनाकर पूरी रात चंद्रमा की रोशनी में रखेंगे और सुबह उठकर इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे।

### श्री वेंकेटेश मंदिर में भजन, महाआरती

शरद पूर्णिमा पर सोमवार 6 अक्टूबर को सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। शाम साढ़े 7 बजे भगवान को श्वेत मंडप में बैठाया जाएगा। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन होगा। रात्रि के 12 बजे महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**सुहागन पूजा आज :** लायंस क्लब मिडटाउन द्वारा शरद पूर्णिमा पर अक्टूबर माह की मीटिंग के साथ सुहागन एवं पूर्णिमा पूजा का आयोजन 6 अक्टूबर सोमवार को किया जा रहा है। दोपहर साढ़े 11 से 12 बजे तक पंचुअल का समय रखा गया है। पूजा में विशेष अतिथि के रूप में शशि अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रीति प्रसाद, आरती अम्बष्ट, सुलोचना सिंह बघेल, नंदिनी तिवारी, प्राची तिवारी, सुचित्रा साव, उषा गुप्ता, सुमन गुप्ता, सुलोचना सिंह बघेल, शुभ्रा, सपना गुप्ता सक्रिय हैं।

**होगा रामचरितमानस का गायन :** रमतला में शरद पूर्णिमा पर 6 अक्टूबर को श्री रामचरितमानस का गायन वादन का कार्यक्रम होगा। इसमें रायगढ़ से राघवेंद्र, वायलिन वादक राजेंद्र विश्वकर्मा, संगीतकार चेतराम श्रीवास, उर्वशी मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, कल्याणी साहू, रासधारी राधेश्याम कौशिक, तबला वादक लक्ष्मण दास मानिकपुरी, कैलाश दास मानिकपुरी की सहभागिता रहेगी। आयोजक देवताश्री ठाकुर ने बताया कि जिले भर के गायक, वादक कलाकार शामिल होंगे।

## शरद पूर्णिमा धन-धान्य और सुख समृद्धि का पर्व

**पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 7 अक्टूबर को सुबह को 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। पंचांग गणना के आधार पर इस साल शरद पूर्णिमा का पर्व 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा।**

शरद पूर्णिमा, जिसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहते हैं, हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और मनोहारी पर्वों में से एक है। यह पर्व अश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं से लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण तक, इस रात का विशेष महत्व है।



माता लक्ष्मी का प्राकट्य दिवस (लक्ष्मी पूजा) पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान इसी दिन देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थीं। इसलिए इसे 'लक्ष्मी प्रकटोत्सव' के रूप में भी मनाया जाता है।इस रात को ‘कोजागरी’ भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'कौन जाग रहा है?' ऐसी मान्यता है कि धन और ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी का भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन भक्त जागरण कर उनकी पूजा कर रहा है। जो भक्त रात भर जागकर पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर मां लक्ष्मी विशेष कृपा बरसाती हैं, जिससे उनके घर में धन-धान्य और सुख-समृद्धि आती है।शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से पूर्ण होता है, जो इसे वर्ष का सबसे चमकदार चंद्रमा बनाता है। ज्योतिष और आयुर्वेद के अनुसार, इस रात चंद्रमा की किरणें अत्यंत पोषक और शीतल होती हैं, जिनसे अमृत की वर्षा होती है।द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने इसी रात को गोपियों के साथ महारास रचाया था। यह दिव्य रासलीला प्रेम, भक्ति और आनंद का प्रतीक मानी जाती है। इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

वैज्ञानिक और स्वास्थ्य लाभ वैज्ञानिक रूप से, इस समय मौसम में बदलाव होता है—दिन गर्म और रात ठंडी होने लगती है। आयुर्वेद के अनुसार, चंद्रमा की शीतल किरणें शरीर के पित्त दोष को शांत करने में सहायक होती हैं। कहा जाता है कि इस रात चांदनी की रोशनी से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मन-मस्तिष्क में शांति आती है। खीर बनाने और खाने का विधान इस दिन गाय के दूध और चावल की खीर बनाकर, उसमें केसर, मेवे और तुलसी डालकर भोग लगाया जाता है। खीर से भरे बर्तन को पूरी रात खुले आसमान के नीचे चंद्रमा की रोशनी में रखें। माना जाता है कि चंद्रमा की अमृतमयी किरणें खीर में समाहित हो जाती हैं। अगले दिन सुबह नहा-धोकर इस अमृतमयी खीर को प्रसाद के रूप में परिवार के सभी सदस्यों में बांटकर खाना चाहिए। यह खीर उत्तम स्वास्थ्य और आरोग्य प्रदान करती है।

## कृष्णापुरम में एक पेड़ माता-पिता के नाम लगाए गए फलदार पौधे





**बिलासपुर।** कृष्णापुरम बिल्हा मोड़ में एक पेड़ माता-पिता के नाम 50 फलदार पौधे लगाए गए। गौरव शुक्ला ने बताया कि वे हर साल हजारों के तादाद में पेड़ लगाते हैं। उनका मकसद हरियाली लाना है। राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि हर कॉलोनी में पेड़ अधिक से अधिक संख्या में लगाई जाती है। अभी तक लगभग 8000 पेड़ लगाए जा चुके हैं। कृष्णापुराम में हरियाली लाना ही हमारा उद्देश्य है। माता -पिता के नाम पेड़ लगा कर सुकून मिला। इस मौके पर रमेश वैष्णव, नवल वर्मा, आमना राजगीर, मेहा गढ़ेवाल, चन्द्रकांता राजगीर, धर्मेश बंजारे, टिकेश्वर साव, अभय दुबे मौजूद थे।



### गुप्ता समाज ने किया 21 सौ पौधों का वितरण

अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महासभा ने शरद पूर्णिमा पर रविवार को सुबह हटरी चौक में 2100 पौधों का वितरण एवं पौधरोपण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन समाज गुप्ता महासभा के रमेश गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण के लिए पौध वितरण व पौधरोपण करना महत्वपूर्ण कार्य है। आम जनता स्वयं पौधा वितरण स्थल पर आकर स्वयं पेड़ और पौधे ले जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोरी शरण गुप्ता, अजय, दुर्गेश, ज्ञान, राजेश, विनोद, निशा, रिशेष, विशेष, राष्ट्रीय महिला सदस्य दीपा, चंद्रकांत, विजय, अनिल, रमेश, राजेश, सुजाता, सीता, बिन्दुबाला गुप्ता का सहयोग रहा।

रजत जयंती पर आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

## बंदियों को अवसाद से बाहर निकालने हैप्पीनेस कार्यक्रम

**बिलासपुर।** केन्द्रीय जेल बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 3 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आर्ट ऑफ लिविंग योग संस्थान द्वारा पुरुष एवं महिला बंदियों के लिए 6 दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। बंदियों को अवसाद से बाहर निकालने एवं मानसिक स्वास्थ्य सुधार के लिए कदम उठाया जा रहा है ।



रजत जयंती कार्यक्रम के तहत ही जेल में निरुद्ध मनोरोगी बंदियों की स्वास्थ्य जांच के लिए राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी से डॉ प्रशांत रंजन पांडेय, विभा बंजीरियार एवं एंजिलिना वैभवलाल द्वारा शिविर लगाया गया। जिसमें 50 मनोरोगी बंदियों की जांच की गई। बंदियों के मनोरंजन हेतु उनके मध्य शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जेल अधीक्षक खोमेश मण्डावी ने बताया कि रविवार को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 6 अक्टूबर को नशा मुक्ति शिविर, 7 अक्टूबर को ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा कार्यशाला, 8 अक्टूबर को विधिक सहायता कार्यक्रम, रक्तदान शिविर व शहीदों के नाम एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं कलेक्टर संजय अग्रवाल जेल का भ्रमण करेंगे। 9 अक्टूबर को महिला प्रकोष्ठ में रंगोली, पेंटिंग कार्यक्रम रखा गया है।

स्पोर्ट्स न्यूज

बिलासा गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के लिए दो घंटे आउटडोर ट्रैक फ्री

## साढ़े 4 करोड़ में बने पिंक प्ले ग्राउंड में स्केटिंग शुरू

फ्लड लाइट में हो सकेंगे खेल

शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक शहर के बच्चें कर रहे स्केटिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बिलासा गर्ल्स कॉलेज में निर्मित पिंक प्ले ग्राउंड में स्केटिंग भी शुरू हो गई है। शाम 4 से 7 और 7 से रात्रि 10 बजे तक 18 वर्ष से कम उम्र बालक बालिका ट्रैक में स्केटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड में ट्रांसफार्मर लगने के बाद फ्लड लाइट भी शुरू हो गया है, जिससे रात में भी आउटडोर गेम खेला जा सकता है। विदित है कि जिला अर्बन सोसाइटी द्वारा ग्राउंड में ट्रांसफार्मर के लिए काफी पहले से ही प्रयास किया जा रहा था, जिसके लिए सीएसईबी को आवेदन दिया गया था अब ट्रांसफार्मर लग जाने से पिंक प्ले ग्राउंड दूधिया रोशनी से नहा रहा है।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महिलाओं के लिए समर्पित प्रदेश का पहला पिंक प्ले ग्राउंड जीडीसी कालेज मैदान में बनाया गया है। यहां इनडोर और आउटडोर दोनो खेल की सुविधा है। यहां पहले से ही एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, इंडोर जिम का उपयोग महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। अब ट्रैक में स्केटिंग भी शुरू हो गई है।

### दस से अधिक प्रकार के खेलों की सुविधा

ध्यान रहे कि स्मार्ट सिटी द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए शहर के बिलासा गर्ल्स कालेज मैदान को 4 करोड़ 34 लाख की लागत से पिंक प्ले ग्राउंड के रूप में तैयार किया गया है। लगभग पौने दो एकड़ जमीन में तैयार ग्राउंड में दस से अधिक प्रकार के खेलों का आनंद उठाया जा सकता है। यहां एक मल्टीएक्टीविटी हाल भी बनाया गया है जहां अलग-अलग छोटे-मोटे खेल गतिविधियों का संचालन किया जाता है। ग्राउंड में एक स्टेज भी है, इसके अलावा दो जगह दस-दस की संख्या में टायलेट बनाए गए है जहां शावर रूम भी है। पिंक प्ले ग्राउंड का संचालन जिला अर्बन सर्विस सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो में प्रदेश की टीम चैम्पियन

राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 4 व 5 अक्टूबर को बहतराई के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों कें खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम ने ओवर आल चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया है। प्रदेश ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 44 स्वर्ण पदक, 28 रजत पदक व 23 कांस्य पदक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान में महाराष्ट्र की टीम ने 30 स्वर्ण पदक, 18 रजत पदक और 25 कांस्य पदक और ओडिशा की टीम ने 10 स्वर्ण पदक के साथ रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान



राष्ट्रीय फेडरेशन के महासचिव दुलीचंद मेश्राम, अंतरराष्ट्रीय रेफरी अशोक साहू, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, संतोष निर्मलकर, गणेश सागर, तुषार तिवारी, छेदीलाल सराफ, नारायण गोस्वामी, रितिक साहू, फिरोज खान, बॉबी भाटिया खिलाड़ी, पदाधिकारी रेफरी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## शतरंज स्पर्धा में प्रथम प्रभमन, द्वितीय गगन और तृतीय यश रहे

चेस वॉरियर्स के तत्वावधान में स्वर्गीय मयंक शुक्ला की स्मृति में शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रभमन सिंह मल्होत्रा, द्वितीय गगन साहू और तृतीय यश सिंह राजपूत ने हासिल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.पी. टेलीकॉम (तिलक पटेल), मौसाजी स्नैक्स (तुषार खंडेलवाल), नरोत्तम कुमार परले, योगाभ्यास स्टूडियो (आकाश सोनवानी), द थर्ड स्पेस – बोर्ड गेम कैफ़े (प्रांजल गुप्ता) और लुमिनारा होम्स (विवेक एक्का एवं रोहित लकड़ा) का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी प्रायोजकों, खिलाड़ियों और दर्शकों का



आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।



# 'पेट्रियट' का टीजर रिलीज, 17 साल बाद पर्दे पर लौटी मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा के 2 मशहूर सितारे मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी 17 साल बाद पर्दे पर लौटने को तैयार है। आखिरी बार दानों साल 2008 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ट्वेंटीः20' में साथ नजर आए थे। अब उनकी फिल्म 'पेट्रियट' का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज हो गया है। फिल्म में अभिनेता फहाद फासिल और नयनतारा भी अहम किरदार में हैं। देशभक्ति, जासूसी और एक्शन से लबरेज इस फिल्म का निर्देशन महेश नारायणन ने किया है। 'पेट्रियट' के 1 मिनट 21 सेकंड के टीजर में फिल्म की कहानी का ज्यादा खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन इतना पता चल गया है कि मोहनलाल एक आर्मी अधिकारी के किरदार में हैं।

लाइफ Style

# भूमि

## बाढ़ पीड़ितों के लिए बनीं मसीहा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अभिनेता सोनू सूद की तरह सराहनीय काम किया है। उन्होंने जम्मू में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और बाढ़ से बेघर अनगिनत परिवारों की मदद के लिए एक क्राउडफंडिंग अभियान की शुरुआत की।

भूमि ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो के जरिए अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों से एकजुटता बनाने और योगदान करने की अपील की है। उनके इस सराहनीय काम की प्रशंसक भी सराहना कर रहे हैं। भूमि ने कहा, इनमें से कई परिवार दैनिक मजदूरी करते हैं और दशकों से अपने घर बना रहे थे। कुछ ही घंटों में उनकी सारी मेहनत खत्म हो गई। केट्टो इंडिया के साथ इस अभियान के जरिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि परिवारों को न केवल तत्काल राहत मिले, बल्कि वे सम्मान के साथ अपने जीवन को फिर से बना सकें। केट्टो के साथ साझेदारी में शुरू किए गए इस अभियान का मकसद धनराशि जुटाना है। गौरतलब है कि भूमि पेडनेकर जब इंडस्ट्री में आई थीं तो बॉक्स ऑफिस पर उनके करियर की शुरुआत तो काफी अच्छी रही थी। आयुष्मान खुराना के साथ आई उनकी फिल्म दम लगा के हईशा को फैंस का ढेर सारा प्यार मिला था। ये फिल्म सेमी हिट रही थी। इसके बाद अक्षय कुमार के साथ आई उनकी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा भी हिट रही थी। इस फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 100 करोड़ से ज्यादा का रहा था। इसके बाद एक्ट्रेस की 4 फिल्में आईं। इनमें से 2 फिल्में हिट रहीं।



## हॉलीवुड मसाला



# टॉम अंतरिक्ष में करेंगे शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज फिर चर्चा में आ गए हैं। चबर है कि वह 26 साल छोटी अभिनेत्री एना डी अर्मास से शादी करने पर विचार कर रहे हैं। राडारऑनलाइन के साथ बातचीत में एक सूत्र ने बताया है कि अभिनेता 'मिशनः इम्पॉसिबल' के खतरनाक स्टंट की तरह अपनी शादी को भी हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं। इसलिए वह स्काईडाइविंग करते हुए शादी कर सकते हैं। टॉम और एना ने अपने रिश्ते की पुष्टि जुलाई, 2025 में की थी। अंतरिक्ष यात्रा के शौकीन हैं टॉम।



# 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' सिनेमाघरों में लौटी...

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' जिन लोगों ने सिनेमाघरों में नहीं देखी थी, उनके पास अब एक और मौका है। 3 साल के बाद इस फिल्म को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर मुख्य किरदार में हैं। पैंडोरा की ये कहानी दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी खूब पसंद आई थी। दशहरा के मौके पर 2 अक्टूबर, 2025 को दशहरा के अवसर पर फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' दोबारा रिलीज हुई है। ये उन लोगों के लिए एक तोहफा है, जो फिल्म में पेंडोरा की दुनिया को देखने में दिलचस्पी रखते हैं। फिल्म को सिर्फ 1 हफ्ते के लिए सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।



# बेटी को लोगों की नजरों से रखती हैं दूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हासिल करने के बाद से चर्चाओं में हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार बताया कि वह अपनी बेटी आदिरा को दुनिया से छिपाकर क्यों रखती हैं? रानी ने बताया कि उनके इस फैसले में पति और यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा का पूरा सहयोग है। उनका मानना है कि अपना पेशा चुनते वक्त अपनी योग्यता के आधार पर पहचान बनानी चाहिए। मीडिया से रानी ने कहा, मैंने और आदित्य ने सोच-समझकर अपनी बेटी आदिरा को लोगों की नजरों से दूर रखने का फैसला किया है। हम नहीं चाहते थे कि हमारी बेटी उस स्थिति में आए, जहां वो ज्यादा दिखे। उसे महसूस हो कि उसके साथ कुछ खास हो रहा है।



# 'अखंड-2' से तहलका मचाने को तैयार

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'अखंड' ने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया था। अब इसके दूसरे भाग 'अखंड 2' की रिलीज पर ताजा अपडेट आ गया है। फिल्म सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को तहलका मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन बोयापाटी श्रीनु ने किया है, वहीं फिल्म के निर्माता राम आचंता और गोपीचंद आचंता हैं। 'अखंड 2' के पोस्टर में नंदमुरी का भयंकर अवतार देखने को मिला है। लंबे बाल और दाढ़ी के साथ गले में रुद्राक्ष की माला और हाथ में त्रिशूल पकड़े उनका ये अवतार प्रशंसकों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। ये 2021 में आई फिल्म 'अखंड' का सीक्वल है, जिसमें सम्युक्ता, आदि पिनिशेट्टी और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं।

## टीवी मसाला




# बिग बॉस 19: मालती चाहर वाइल्ड कार्ड से करेंगी प्रवेश

**मुंबई।** टीवी का विवादित शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। घर में इस वक्त 14 सदस्य मौजूद हैं। इस बीच नया अपडेट है कि निर्माता घर में दूसरा वाइल्ड कार्ड सदस्य लाने की योजना बना रहे हैं। शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा के बाद मालती चाहर दूसरी वाइल्ड कार्ड सदस्य बनकर घर में प्रवेश करेंगी।हालांकि, निर्माता ने अभी उनके नाम की पुष्टि नहीं की है।

***क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं*** : मालती भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं जो अभिनेत्री होने के अलावा निर्देशक भी हैं। उन्होंने 2024 में रिलीज लघु फिल्म 'सात फेरे अ ड्रीम हाउसवाइफ' का निर्देशन किया है। इसके अलावा उन्हें 'जीनियस' (2018) और 'सदा वियाह होया जी' (2022) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। मालती मॉडलिंग और कई सौंदर्य प्रतियोगिता का हिस्सा रही हैं। 2009 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था, जबकि 2014 में फेमिना मिस इंडिया की उप विजेता रहीं थी। मालती सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 10 लाख से ज्यादा समर्थक हैं। उनके 'बिग बॉस 19' में आनी की खबर से प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

## बर्तन को लेकर आपस में भिड़ीं फरहाना और अशनूर

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 19 में इस वक्त काफी हंगामा देखने को मिल रहा है। पिछले हफ्ते फरहाना भट्ट को घर का नया कप्तान बनाया गया था। उनकी कप्तानी ज्यादातर घरवालों को पसंद नहीं आ रही है। आगामी एपिसोड में फरहाना, अशनूर कौर और अभिषेक बजाज को ड्यूटी को लेकर आपस में भिड़ते नजर आएंगे। इस झगड़े की एक झलक सोशल मीडिया पर देखने को मिली है। शो का नया प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल है। प्रोमो में देखा जा सकता है कि कप्तान फरहाना गार्डन एरिया में बैठे अभिषेक और अशनूर से बर्तन खाली करने के लिए कहती हैं। जब अशनूर कहती हैं कि उन्हें अभी कोई बात नहीं करनी। इस पर फरहाना का पारा चढ़ जाता है। फरहाना, अशनूर से कहती हैं कि वो अभिषेक को भी काम करने के लिए बोलें। अभिषेक ये सुनकर भड़क जाते हैं और फरहाना को नौकरानी कहते हैं। इसके बाद दोनों में जमकर बहस होती है।



# पवन कल्याण 'ओजी' की सफलता के बाद ला रहे प्रीक्वल और सीक्वल

**मुंबई।** पवन कल्याण की हालिया रिलीज फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। 25 सितंबर को रिलीज इस फिल्म की सफलता पर अभिनेता ने भी खुशी जाहिर की। एक कार्यक्रम के दौरान पवन ने कुछ ऐसा कहा जिससे कयास लगाए जाने लगे कि 'दे कॉल हिम **OG**' का प्रीक्वल और सीक्वल आना तय है। दरअसल, पवन ने 'ओजी' की दुनिया को कायम रखने की बात कही है।

***निर्देशक संग पहली मुलाकात को किया याद*** : 'दे कॉल हिम ओजी' की सक्सेस मीट में पवन ने निर्देशक सुजीत संग पहली मुलाकात याद की। उन्होंने कहा, कहानी लिखना आसान है लेकिन पर्दे पर दिखाना मुश्किल है। शुरू में मुझे ओजी की पूरी कहानी पता नहीं थी। सुजीत ने कहा कि मुझे जापानी गैंगस्टर दिखना है। उसके हाथ में तलवार और बंदूक होगी। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने बेटे को खुशी से कहानी पढ़ते हुए देखा तब समझ आया कि कहानी आज की पीढ़ी के लिए प्रासंगिक है।



***ओजी सीक्वल और प्रीक्वल पर दिया संकेत*** : पवन ने आगे कहा, ओजी ने मुझे आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने के साथ-साथ फिल्में जारी रखने की प्रेरणा भी दी है। इसलिए मैंने सुजीत से कहा कि वह मुझे प्रीक्वल और सीक्वल पर काम करने दें। ओजी ने मुझे फिल्में करने की प्रेरणा दी है। मैं ओजी की दुनिया को जारी रखना चाहता हूं। 'दे कॉल हिम ओजी' में अभिनेता इमरान हाशमी भी हैं। इससे उन्होंने दक्षिण सिनेमा में डेब्यू किया है।

# 'मुकुथी अम्मान 2' से नयनतारा की पहली झलक आई, महाशक्ति के रूप में छा गईं अभिनेत्री

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा काफी वक्त से फिल्म 'मुकुथी अम्मान 2' को लेकर चर्चा में हैं। दशहरा 2025 के खास मौके पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया है। 'मुकुथी अम्मान 2' का हिंदी शीर्षक 'महा शक्ति' रखा गया है। पोस्टर में नयनतारा महाशक्ति के अवतार में नजर आ रही हैं। हाथ में त्रिशूल लिए उनका रूप काफी दमदार है। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी ने किया है ,जबकि इशरी के गणेश इसके निर्माता हैं।



## 100 करोड़ के बजट में बनी फिल्म

फिल्म 'मुकुथी अम्मन 2' का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल और अवनि सिनेमैक्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इसका बजट 100 करोड़ रुपये है। निर्माताओं ने एक बयान में कहा था कि 'महाशक्ति' एक स्वतंत्र कहानी है और एक बिल्कुल नई सिनेमाई फ्रेंचाइजी की शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म की कहानी अच्छाई और बुराई पर आधारित होगी। नयनतारा के अलावा इस फिल्म में रेजिना कैसंड्रा, खुशबू सुंदर और कूल सुरेश भी अहम किरदार में हैं।

## 'द राजा साब' फिल्म 9 जनवरी, 2026 को 5 भारतीय भाषाओं में होगी रिलीज

# प्रभास की आने वाली धांसू फिल्में, एक के लिए लगा दुनिया का सबसे बड़ा सेट

*__मुंबई।__ प्रभास का नाम उन सितारों में शुमार हैं, जिनकी लोकप्रियता केवल साउथ तक सीमित नहीं, बल्कि वो अपने दमदार अभिनय के दम पर दुनियाभर के दर्शकों से वाहवाही लूट चुके हैं। उनकी 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब बवंडर मचाया है। प्रभास अगले कुछ सालों के लिए तगड़ी तैयारी करके बैठे हैं। फिल्में बेशक अभी रिलीज से दूर हैं, लेकिन काम तेजी से चल रहा है। एक नजर प्रभास की आने वाली फिल्मों पर।*



## 'द राजा साब' के लिए बनी भव्य हवेली

प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' को लेकर उनके प्रशंसक बेसब्र हैं। फिल्म के निर्माता टीजी विश्व प्रसाद के मुताबिक पीपल्स मीडिया फैक्ट्री के स्टूडियो में इस फिल्म के लिए जो हवेली का सेट लगाया गया, वो 35,000 स्क्वायर स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। उनके मुताबिक दुनिया के किसी भी सेट का फ्लोर इतना बड़ा नहीं है। इसे 1,200 कर्मचारियों ने 4 महीने में तैयार किया था। ये फिल्म 9 जनवरी, 2026 को 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी।

## 'स्पिरिट'

प्रभास के खाते में 'स्पिरिट' भी है, जिसका निर्देशन पिछली बार रणबीर कपूर के साथ 900 करोड़ रुपये छाप चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। 'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धुआं उड़ाने वाले संदीप अब प्रभास के साथ 500 करोड़ी फिल्म 'स्पिरिट' लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहली बार सुपरस्टार की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। खास बात ये है कि इस फिल्म में प्रभास 3 अलग-अलग अवतार में नजर आएंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी।



## 'फौजी'

निर्देशक हनु राघवपुड़ी की 'फौजी' में भी प्रभास मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। ये एक भव्य वॉर ड्रामा फिल्म होने वाली है, जिसमें बॉलीवुड से अभिषेक बच्चन की भी एंट्री कराई गई है। ये फिल्म 1940 के भारत में सेट है। ये सुभाष चंद्र बोस के समय को भी दर्शाएगी। फिल्म में प्रभास उनकी फौज में काम करते हुए दिख सकते हैं। इसका बजट करीब 300 करोड़ रुपये है। फिल्म अगले साल अप्रैल में दर्शकों के बीच आ सकती है।

## 'सालार 2' और 'कल्कि 2'

'सालार' ने दुनियाभर में शानदार कमाई की थी और प्रभास के गिरते स्टारडम को संभाला था। अब फिल्म का अगला भाग आने वाला है।'सालार 2' में राजनीति, एक्शन और खूब ड्रामा होगा। निर्माता के मुताबिक, सीक्वल एक्शन के मामले में बहुत बड़ा साबित होगा। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। उधर प्रभास अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 AD' का सीक्वल ला रहे हैं। ये अगले साल सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगा।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH










## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : **96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### मंडल स्तर पर चल रहा स्वच्छता अभियान

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन स्वच्छ स्टेशन थीम पर मंडल के सभी छोटे और मध्यम स्टेशन पर सघन स्वच्छता अभियान चला रहा है। इस अभियान के दौरान सभी स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, कांकोर्स एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी, रेलवे ट्रैक, कार्यालयों, प्रतीक्षालयों, शौचालयों की सफाई सुनिश्चित कराने के अलावा यात्रियों को प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने और स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने प्रेरित किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में कचरे के पृथक्करण करने गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाए गए हैं। विभिन्न स्टेशन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्टेशन परिसर की सफाई भी की है।

### महानिदेशक संरक्षा ने ली सुरक्षा बैठक

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा हरीशंकर वर्मा ने रेलवे के महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों एवं मंडल अफसरों के साथ रेल संरक्षा से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ निरंतर और सुदृढ़ समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। अफसरों को अधिक से अधिक समय क्षेत्र में जाकर कर्मचारियों से संवाद और उनके साथ निकटता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि पाइंट एवं क्रासिंग दुर्घटनाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील होते हैं। इनका समुचित रखरखाव करें और नए पाइंट एवं क्रासिंग को वर्क कर्व पर लगाने से बचें। बैठक के उपरांत रायपुर-बिलासपुर का विंडो निरीक्षण किया, इसके बाद बिलासपुर-पेण्ड्रा खंड का निरीक्षण करने रवाना हो गए।

### रेलवे स्कूल में विशेष स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत बिलासपुर मंडल के चिकित्सा विभाग ने मंडल के प्रमुख स्टेशन, रेल परिसर, कार्यालय, कार्यस्थलों एवं रेल कालोनियों में महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित किए। टीम ने महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रेल कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस क्रम में रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य जांच और एनीमियो जांच के लिए रक्त परीक्षण किया गया।

### तालाब गए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** तालाब गए युवक से जबरिया विवाद कर एक युवक ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसकी कमर व कलाई में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, ग्राम जलसो निवासी उज्जैन वर्मा 4 अक्टूबर को शाम 5 बजे ठाकुरदेव तालाब गए थे। इसी दौरान गांव का शिव श्रीवास उन्हें देखकर कहने लगा वर्मा लोगों का ज्यादा भाव बड़ गया है पैसा वाले हो गए हो। उन्होंने मना किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे कमर व हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने बड़े भाई दुबेन वर्मा की रिपोर्ट पर हमलावर शिव श्रीवास के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 118, 1, 296, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**हुड़दंगियों पर होगी एफआईआर** — डाक्टरों को पूरी सुरक्षा का दिया गया आश्वासन, हंगामे के दौरान गार्ड और पुलिस कर्मी नदारद थे

# आधी रात सिम्स के पीजी डाक्टर से बदसलूकी, डाक्टरों के दबाव में प्रबंधन ने लिया एक्शन



**बिलासपुर।** सिम्स में बीती रात नशे में हुड़दंगियों ने पीजी महिला डाक्टरों के साथ बदसलुकी कर दी। नशेड़ियों ने गाली गलौज करते हुए पूरे सिम्स में हंगामा मचाया, इस दौरान गार्ड और पुलिस कर्मी नदारद थे। रविवार को पीजी डाक्टरों के दल ने हड़ताल में जाने का एलान कर दिया, जिसके बाद प्रबंधन को भी आनन-फानन में मीटिंग बुलानी पड़ी और मामला को शांत कराया गया है। लेकिन घटना के बाद सिम्स प्रबंधन कड़ें फैसले लेकर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने का निर्णय ले चुका है। डाक्टरों को पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।

मामला संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स का है, जहां शनिवार की रात 2 बजे कुछ लोग एक मरीज को लेकर सिम्स पहुंचते थे, इस दौरान सिर में चोट लगने के कारण मरीज के कान से खून निकल रहा था। सूत्रों के अनुसार मरीज का नाम अभय कुमार ठाकुर है, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद पीजी महिला डाक्टर मरीज का इलाज कर रही थी, लेकिन मरीज के साथ पहुंच कुछ लोगों ने गाली गलौज के साथ ही शीघ्र इलाज करने का दबाव बनाते रहे, इलाज नहीं मिलने के कारण अपना आपा खोते हुए जमकर उत्पात मचाया।कहा-सुनी होने के बाद नशे में घूत लोगों को गुस्सा भड़क उठा और पूरे सिम्स में सुबह 4 बजे तक हो-हंगामा होता रहा, लोगों का आरोप था कि डाक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं था, जिसके कारण मरीज की जान जोखिम में पड़ गई। महिला डाक्टरों के साथ आधी रात हो हुई बदसलुकी के बाद पीजी डाक्टरों का दल हड़ताल में जाने का एलान कर दिया और रविवार को किसी पीजी डाक्टर ने मरीज का इलाज नहीं किया।

सिम्स प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद रविवार की शाम 7 बजे तक बैठकों का दौर शुरू हो गया, डाक्टर, प्रबंधन, पुलिस अधिकारी और गार्ड को लेकर अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बैठक ली और सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने और महिला डाक्टरों के साथ सुरक्षा गार्ड रखने की जिम्मेदारी ली है। जिसके बाद पीजी डाक्टरों ने हड़ताल में जाने का फैसला छोड़ दिया है। वहीं अस्पताल प्रबंधन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मरीज के साथ पहुंचे लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की बात कह रहा है।

### इमरजेंसी में होगी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पीजी डाक्टरों की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि रात में सिम्स में रोजाना हंगामा हो रहा है, नशे में घुत लोग आए दिन डाक्टर और स्टाफ के साथ बदसलुकी करते है। डाक्टरों पर ताने मारे जाते है और उनपर दबाव बनाया जाता है। बैठक में अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी में गार्ड की 24 घंटें ड्यूटी लगाने, पुलिस चौकी पर अतिरिक्त बल, पुलिस थाने के नंबर, महिला डाक्टरों की ड्यूटी के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रखने की बात कही है। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में नशे के हालत में पाए जाने पर परिजन और मरीज को सीधे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वहीं अब ऐसे लोगों पर ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरों के द्वारा एफआईआर भी की जाएगी।

### जुर्म दर्ज कराया जाएगा

शनिवार रात को महिला डाक्टर के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज की है, इसकी जानकारी मिलते ही हमने उसकी पहचान की है। उन लोगों पर एफआईआर की जाएगी। साथ ही सभी की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को ओर भी पुख्ता करने के लिए कहा गया है। इस दौरान गार्ड और पुलिस के साथ ही डाक्टर भी मौजूद रहे है। नशेबाज व्यक्तियों को अब सिम्स में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

---

स्कूल पहुंचने तक के लिए सीधी सड़क भी बनाने का प्रस्ताव

# गोकने नाला होगा सीधा, सिरगिट्टी स्कूल के साथ ही बस्ती में नहीं भरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच स्थित सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल में पानी भराव रोकने के लिए शासन स्तर पर तीन करोड़ 27 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

- शासन स्तर पर तीन करोड़ 27 लाख रुपए की स्वीकृति मिली

इस राशि से गोकने नाला को सीधा किया जाएगा और मैदान मे मिट्टी भरने के साथ ही उसे समतल करते हुए उपर किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल तक अभी पूरी बस्ती घूमकर पहुंचना पड़ता है। अब मुख्य सड़क से स्कूल के लिए एप्रोच सड़क बनाकर बच्चों की सड़क संबंधित समस्या भी खत्म की जाएगी। इसके साथ ही सिरगिट्टी चौक से गोकने नाला तक दोनों ओर आरसीसी सड़क और नाली बनेगी। साथ ही सिरगिट्टी स्कूल से एसआरएलएम सेंटर तक सीसी रोड और नाली बनेगी। सिरगिट्टी में बन्नाक चौक के पास शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं और कुल दर्ज संख्या 1021 है। शहर के सबसे अधिक दर्ज संख्या वाले इस स्कूल में हर साल पानी भरता है और पढ़ाई प्रभावित होती है। इस बार भी यही स्थिति बनी तो ग्रामीण स्कूल परिसर में मछली निकालने पहुंच गए हैं। स्कूल के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष दुर्गेश यादव के मुताबिक गोकले नाले का पानी इस स्कूल में भरता है।



#### नाला ओवरफ्लो हुआ तो बढ़ती है परेशानी

दरअसल गोकले नाला इस क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही टेढ़ा-मेढ़ा और पतला हो जाता है। जैसे ही नाला ओवरफ्लो होता है उसका पूरा पानी स्कूल में घुस जाता है। जोन कमिश्नर भूपेन्द्र उपाध्याय के मुताबिक नाले को सीधा और चौड़ा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसमें अब राशि की स्वीकृति मिली है। निगम के मुताबिक गोकने नाले के मोड़ को काटते हुए सीधा किया जाएगा। यही उचित रास्ता भी है। इसके बाद मुख्य सड़क से स्कूल के लिए एप्रोच सड़क बनाकर बच्चों की सड़क संबंधित समस्या भी खत्म की जाएगी।

### एक कमरे में 100 बच्चों को पढ़ाने की मजबूरी

ध्यान रहे कि सिरगिट्टी के इस स्कूल में नगपुरा, कोरमी, कीर्ति नगर, परसदा, बन्नाकडीह, बसिया,मन्नाडोल, तारबहार, झोपड़ापारा और रेलवे परिक्षेत्र के बच्चे भी पढ़ते हैं। यहां 11 वीं में वाणिज्य, कला, विज्ञान के साथ ही व्यावसायिक कोर्स भी संचालित हो रहे हैं। स्कूल में कुल 13 शिक्षक है जबकि 5 और शिक्षकों की जरूरत है। दर्ज संख्या के हिसाब से एक शिक्षक को 100 के करीब बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्कूल में स्कूल 9 कमरे हैं जो कि कम हैं। 6 कमरों की और जरूरत है।

### मिली है स्वीकृति

गोकने नाले को सीधा और चौड़ा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसमें अब राशि की स्वीकृति मिली है। नाले के मोड़ को काटते हुए सीधा किया जाएगा। यही उचित रास्ता भी है। इसके बाद मुख्य सड़क से स्कूल के लिए एप्रोच सड़क बनाकर बच्चों की सड़क संबंधित समस्या भी खत्म की जाएगी।

- भूपेन्द्र उपाध्याय, जोन कमिश्नर

---

**उसलापुर गुलमोहर कालोनी में हुई वारदात**



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।

# मकान का ताला तोड़कर 7 लाख नकद, 5 लाख के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मैनेजर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 7 लाख रुपए नकद, 5 लाख रुपए के जेवर की चोरी कर ली है। पुलिस घर का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर गुलमोहर कालोनी निवासी अश्वनी कश्यप डा. देवरस के हास्पिटल में मैनेजर हैं। विगत 1 अक्टूबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित गृहग्राम चले गए थे। 3 अक्टूबर को श्री कश्यप घर आए और साफ सफाई करने के बाद फिर से ताला लगाकर हास्पिटल में काम किया और गांव लौट गए। 5 अक्टूबर को वे परिवार को लेकर घर लौटे तो ताला टूटा मिला।

अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। घर में रखे 7 लाख रुपए नकद, 5 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर की चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात से कालोनी में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिविल लाइन पुलिस, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, सर्चडाग मौके पर पहुंच गए।

### सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश कैद

श्री कश्यप के बगल में रहने वाले पड़ोसी के घर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। पुलिस ने फुटेज खंगाला तो 4 अक्टूबर को एक नकाबपोश ताला तोड़कर अंदर घुसते वह बाहर निकलते नजर आ रहा है। चेहरे में नकाब होने से चोर की पहचान नहीं हो पा रही है।

### साकेत अपार्टमेंट में चोरी का सुराग नहीं

पिछले दिनों अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट में चोरो ने धावा बोलकर व्यवसायी संतोष खंडेलवाल व एक अन्य मकानों में धावा बोलकर चोरो ने 5 लाख रुपए रूबी के नेकलेस और 15 तोला सोना चांदी के जेवर की चोरी कर ली थी। अब तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

घर का मुआयना फिंगरप्रिंट लिया गया है। लगातार बारिश होने से सर्चडाग का सहयोग नहीं मिल पाया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। सीएसपी श्री परिहार ने बताया, घर मालिक ने 7 लाख रुपए नकद, 5 लाख के जेवर चोरी होना बताया है।

---

# डायल 112 के आरक्षक से जमकर मारपीट, फाड़ी वर्दी

**बिलासपुर।** पति पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर मौके पर जाकर समझाइश देना डायल 112 के आरक्षक को महंगा पड़ गया। आक्रोशित पति ने आरक्षक की बेरहमी से पिटाई कर उसे जमीन पर पटक दिया और वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।


कोनी पुलिस के अनुसार, तिफरा पुलिस कालोनी निवासी मनीराम साहू पिता जीवराखन लाल साहू पुलिस विभाग में आरक्षक और डायल 112 में पदस्थ हैं। 4 अक्टूबर को उनकी ड्यूटी 2 से रात 10 बजे तक डायल 112 सरकण्डा ईगल 2 में थी। शाम 7.45 बजे ईवेंट नम्बर में काल आने पर वे चालक पालेश्वर नायक के साथ कोनी आईटीआई गेट के सामने रिवरव्यू कालोनी में निशा पटेल के घर गए। निशा पटेल ने उन्हें बताया उनका पति मयाराम पटेल गाली गलौज कर वाद विवाद कर रहा है। आरक्षक मनीराम पटेल उनके पति मयाराम पटेल को समझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मयाराम पटेल आक्रोशित होकर आरक्षक मनीराम के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा और उन्हें खेत में पटक दिया। उसके बाद मारपीट करते हुए वर्दी भी फाड़ दी। किसी तरह आरक्षक ने उसके चंगुल से छुटकर जान बचाई है। पुलिस ने आरक्षक मनीराम पटेल की रिपोर्ट पर हमलावर मयाराम पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 132, 221,, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# यार्ड में खड़ी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच से केबल पार

**बिलासपुर।** रेलवे यार्ड में खड़ी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में आसामाजिक तत्वों ने छेड़छाड़ करते हुए ट्यूब लाइट सहित इलेक्ट्रिक के केबल को तोड़कर हजारों का तार पार कर दिया है। ट्रेन की इस कंडीशन को कोचिंग डिपो में मेंटनेंस के लिए पहुंचने के बाद देखा गया, जिसकी शिकायत मिलने के बाद आरपीएफ ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

- कोचिंग पहुंचने के बाद देखा गया, आरपीएफ कर रही है जांच

अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एक दिन पहले बिलासपुर स्टेशन में पहुंची थी। ट्रेन को धुलाई व मेंटनेंस के लिए कोचिंग यार्ड में रवाना किया गया। शाम 4 बजे छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जब मेंटनेंस के लिए कोचिंग यार्ड में पहुंची तो पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कोच नंबर 255314 आईएस 5 का नेट पैनल कनेक्शन के केबल को काटने के साथ कोच के प्लाई को भी तोड़फोड़ कर दी थी। हजारों रुपए के केबल चोरी होने के साथ कोच में नुकसान भी पहुंचाया गया। इसकी सूचना तत्काल बिलासपुर रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम तत्काल कोचिंग डिपो पहुंची और जांच शुरु कर दिया।



### की जा रही है जांच

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में नेट पैनल कनेक्शन केबल से छेड़छाड़ की गई है। यह बिलासपुर यार्ड में हुआ है या स्टेशन आने से पहले की घटना है यह जानकारी किसी को नहीं है। ट्रेन जब कोचिंग डिपो में पहुंची तो वहां से जानकारी मिली है। इस मामले में सभी से पूछताछ के साथ जांच भी शुरु कर दी गई है।

**-नंद बहादुर,** प्रभारी, आरपीएफ

# कांटातार के करंट से युवक की मौत

**बिलासपुर।** कांटातार में प्रवाहित किए गए करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण कुमार टण्डन ने बताया, जोंधरा निवासी मुन्नीलाल प्रजापति ने अपने खेत में फसल की रखवाली करने के लिए कांटातार में करंट बिछाकर रखा था। शनिवार को दोपहर 1 बजे गांव के गौरव केंवट पिता विनोद केंवट 16 साल कांटातार के करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### गया-एलटीटी एक्सप्रेस से पार हुआ लाखों का सामान

**बिलासपुर।** गया से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे यात्री का लाखों का सामान अज्ञात चोर ने पार कर दिया। इसकी शिकायत पर बिलासपुर जीआरपी ने शून्य में मामला कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार टाटी सिलवे रांची झारखंड निवासी मंजू कुमारी उपाध्याय पति विनोद कुमार उपाध्याय 63 साल ट्रेन नम्बर 22358 गया से एलटीटी सुपरफास्ट के एसी कोच ए1 के बर्थ नम्बर 40, 42 में रांची से बिलासपुर तक सफर कर रही थी। उन्होंने एक बैग अपने बर्थ रखा हुआ था, जिसमें नगद 60 हजार रुपए, 15 ग्राम सोने की रिंग, चांदी की पायल, लेडिस घडी, अन्य दस्तावेज सहित लाखों रुपए के सामान थे। सुबह ट्रेन के राउरकेला स्टेशन पहुंचने के बाद उनकी नींद खुली तो बैग गायब था।

### पार्सल सुपरवाइजर सहित दो रेलकर्मियों को मेजर चार्जशीट

हावड़ा से शिरडी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के एसएलआर में चार के स्थान पर 9 टन पार्सल भर दिया गया। इस मामले में जांच के बाद बिलासपुर के पार्सल सुपरवाइजर सहित दो अन्य कर्मचारियों को मेजर चार्जशीट जारी कर दिया गया है। जिन कर्मचारियों को मेजर चार्जशीट जारी किया गया है इनमें बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल सुपरवाइजर आरएस यादव और दो अन्य कर्मचारी शामिल हैं। इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मामला नार्दन और ईस्टर्न रेलवे का है, क्योंकि जहां माल चढ़ा और जहां उसे उतारा जाना था, उनकी ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं बिलासपुर रेल मंडल ने तत्परता दिखाते हुए सुपरवाइजर और दो कलर्क को मेजर चार्जशीट जारी कर दिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# सरकंडा व सिविल लाइन क्षेत्र में 8 बदमाश गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





एक बार फिर पुलिस ने सक्रितया दिखाते हुए अभियान चलाकर अशांति फैलाने वाले सरकण्डा में 3 व सिविल लाइन में 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिविल लाइन क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले शाहिद खान पिता जोहर खान 21 साल तालापारा, कलीम खान पिता हसन खान 38 साल तालापारा, नावेदअली उर्फ सुलतान पिता फरीदअली 22 साल जरहाभाठा मंदिर चौक, देव सिदार उर्फ बोददा पिता राज सिदार 21 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती, जीवन कुमार डहरिया पिता सुखदास 40 साल भूकंप अटल आवास व सरकण्डा पुलिस ने दूसरे दिन अशोकनगर में दबिश देकर अशांती फैलाने वाले तौफिक खान, मिराज खान, मुख्तार खान को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने कुदूदण्ड निवासी कमल प्रधान पिता रामकृष्ण प्रधान 25 साल को पकड़कर उसके पास से गुप्ती बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411